Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच


वर्ष: 07 अंक: 11 | रविवार, 11 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## जयपुर में बोले अमित शाह

# 'मोदी सरकार ने देश को वैश्विक नेतृत्व, निर्यात और स्टार्टअप में बनाया अग्रणी'

**जयपुर।**


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2047 तक विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और स्वभाषा अपनाने पर जोर दिया है। उन्होंने अपनी दो दिवसीय राजस्थान यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को जोधपुर में कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने 11 साल में भारत को वैश्विक नेतृत्व, निर्यात, स्टार्टअप और डिजिटल अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनाया है। हम दुनिया में चौथे नंबर के अर्थतंत्र बन गए हैं, हमारा निर्यात दोगुना हो चुका है और हम चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। दुनिया में होने वाले प्रति 100 डिजिटल लेन-देन में से 50 भारत में होते हैं। भारत मोबाइल उत्पादन में दूसरे, स्टार्टअप में तीसरे, दवाइयां बनाने व ऑटोमोबाइल क्षेत्र में दुनिया में तीसरे नंबर पर है। शाह ने जयपुर में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में 9000 से अधिक पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। इनमें करीब ढाई हजार महिला पुलिस कांस्टेबल शामिल हैं।इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नौ हजार कांस्टेबलों को किसी सिफारिश नहीं, बल्कि योग्यता से नियुक्ति मिली है। कोई राज्य तभी आगे जा सकता है, जब नियुक्ति पादर्शिता से की हो। उन्होंने कहा, पहले कानून अंग्रेजों के बनाए हुए थे, जिनका मकसद अंग्रेजों की रक्षा करना और उनका खजाना भरना था। भारतीय न्याय संहिता में कानूनों का भारतीयकरण किया गया है। इन कानूनों के पूरी तरह से लागू होने के बाद जो भी एफआइआर दर्ज होगी, उसमें केवल तीन साल में सर्वोच्च न्यायालय तक से न्याय मिल जाएगा। इससे पहले शाह ने जोधपुर में माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेन्शन एंड एक्सपो को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में माहेश्वरी समाज का बलिदान और योगदान बहुत बड़ा रहा है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई में माहेश्वरी समाज ने योगदान दिया। माहेश्वरी समाज के हाथ में तलवार और तराजू दोनों अच्छे लगते हैं। राम मंदिर आंदोलन में सबसे पहली आहुति देने वाले दोनों भाई माहेश्वरी समाज से थे।



कार्यक्रम में मौजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि माहेश्वरी समाज हमेशा लोगों को काम देने वाला रहा है। शाह ने राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में लगातार पेपर लीक होते थे। अब भजनलाल सरकार ने पेपर लीक की प्रक्रिया पर रोक लगाई है। भाजपा सरकार बनने के बाद अपराध 14 प्रतिशत कम हुए हैं व पुलिस का आधुनिकीकरण हुआ है। आगामी दिनों में राजस्थान का भविष्य उज्जवल है।

## इसरो अध्यक्ष ने तिरुपति में की पूजा


# लॉन्च के लिए तैयार ईओएस-एन1 सेटेलाइट, धरती का करेगा अवलोकन



**चेन्नई।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी सोमवार को वर्ष 2026 का अपना पहला अंतरिक्ष मिशन लांच करने जा रहा है। इसरो का पीएसएलवी सी62 रॉकेट अर्थ आब्जर्वेशन सेटेलाइट (ईओएस-एन1) को अंतरिक्ष में ले जाएगा। पीएसएलवी सी62 रॉकेट ईओएस-एन1 के साथ 14 अन्य पेलोड को भी अंतरिक्ष में ले जाएगा। यह मिशन इसरो की कमर्शियल शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआइएल) द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसरो ने शनिवार को कहा, रॉकेट और उपग्रहों का एकीकरण पूरा हो चुका है। पीएसएलवी सी62 मिशन को 12 जनवरी को सुबह 10:17 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित करने की योजना है। इस मिशन के लिए 25 घंटे की उल्टी गिनती 11 जनवरी को शुरू होने की उम्मीद है। यह पीएसएलवी की 64वीं उड़ान होगी। इस मिशन के साथ भारतीय धरती से लांच किए गए विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 442 हो जाएगी। पीएसएलवी ने अब तक 63 उड़ानें पूरी की हैं, जिनमें चंद्रयान-1, मंगल आर्बिटर मिशन और आदित्य-एल1 मिशन शामिल हैं।

## वेनेजुएला में निवेश से तेल कंपनियों ने खड़े किए हाथ



**वाशिंगटन।**

वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई करते समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने वहां के तेल भंडार का दोहन करने के लिए यह कदम उठाया है। लेकिन, अब अमेरिका की तेल कंपनियों के रुख से उन्हें झटका लग सकता है। अमेरिकी तेल कंपनियों ने वेनेजुएला में निवेश करने से हाथ खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि वर्तमान परिदृश्य में वहां पर निवेश करना घाटे का सौदा होगा। इस बैठक की एक खास बात यह भी रही कि ट्रंप ने अचानक मुद्दा बदल दिया और अपने ड्रीम प्रोजेक्ट पर बातचीत करने लगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की और वेनेजुएला के ऊर्जा क्षेत्र में बड़े निवेश का अनुरोध किया। आगे कहा कि इससे बहुत पैसा कमाया जा सकता है। वह चाहते हैं कि अमेरिका और यूरोप की बड़ी तेल कंपनियां कम से कम 100 अरब डॉलर निवेश करें। हालांकि, इस बैठक के बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि तेल कंपनियां इस अनुरोध को पूरा करेंगी या नहीं।

## रक्षा मंत्री ने दी मंजूरी

# पूर्व सैनिकों की बेटियों की शादी के लिए अब मिल रही एक लाख रुपये सहायता

**नई दिल्ली।**

पूर्व सैनिकों की बेटियों की शादी के लिए अब एक लाख रुपये सहायता मिल रही है। विवाह अनुदान के अंतर्गत वित्तीय सहायता 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति लाभार्थी कर दी गई है। यह अनुदान पूर्व सैनिकों की अधिकतम दो पुत्रियों को मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पूर्व सैनिक कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में शत प्रतिशत वृद्धि की गई है। पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को यह बढ़ी हुई सहायता केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से दी जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के लिए वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत वृद्धि को पिछले साल मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में शत प्रतिशत की वृद्धि पूर्व सैनिकों की सेवा और बलिदान को सम्मानित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि करती है। मंत्रालय ने कहा कि पेन्युरी ग्रांट को प्रति लाभार्थी चार हजार रुपये से दोगुना करके आठ हजार रुपये प्रति माह कर दिया गया है, जिससे वृद्ध और गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों और 65 वर्ष से अधिक आयु की उनकी विधवाओं को आजीवन निरंतर सहायता मिलेगी। पूर्व सैनिकों के दो आश्रित बच्चों (कक्षा एक से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही उनकी विधवाओं के लिए शिक्षा अनुदान को भी 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह कर दिया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में युवा ही मुख्य प्रेरक शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं से बहुविषयक शिक्षा को अपनाने का आह्वान किया ताकि वे तेजी से हो रहे तकनीकी विकास, विशेष रूप से एआइ, क्वांटम कंप्यूच्टग और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में प्रगति के साथ तालमेल बनाए रख सकें।



## अमेरिका से तनाव के बीच भारत ब्रिक्स को देगा नई दिशा, स्थानीय मुद्रा व्यापार पर जोर



**नई दिल्ली।**

इसे बदलते वैश्विक समीकरण के संकेत के तौर पर देखना तो जल्दबाजी होगी लेकिन विधिवत घोषणा के बावजूद वर्ष 2025 में क्वाड संगठन (अमेरिका, भारत, जापान व ऑस्ट्रेलिया) की बैठक भारत में नहीं हो सकी लेकिन भारत सरकार के स्तर पर वर्ष 2026 में होने वाली ब्रिक्स संगठन की शीर्षस्तरीय बैठक की तैयारी शुरू हो चुकी है। अगले मंगलवार यानी 13 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ब्रिक्स की आधिकारिक वेबसाइट और लोगो लॉन्च करेंगे। अमेरिका से तनातनी के बीच विदेश मंत्री यह भी बताएंगे कि इस साल अपनी अगुआई में भारत ब्रिक्स संगठन के तहत क्या एजेंडा सेट करने जा रहा है। यह सब तब हो रहा है जब अमेरिका ब्रिक्स देशों पर लगातार निशाना साध रहा है तो दूसरी तरफ रूस, चीन तथा ईरान ने 'ब्रिक्स प्लस' संगठन के तहत दक्षिण अफ्रीका के पास समुद्र में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास शुरू किया है।

जानकारों के मुताबिक भारत की पूरी योजना है कि जिस तरह से जी–20 सम्मेलन का आयोजन किया गया था वैसा ही इस साल ब्रिक्स का आयोजन हो। ब्रिक्स के उलट क्वाड सम्मेलन को लेकर कोई सूचना नहीं है। पिछले वर्ष जनवरी और जुलाई में अमेरिका में ही चारों सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी। इस बीच फरवरी, 2025 में जब पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की मुलाकात हुई तो शीर्ष स्तरीय बैठक भारत में किए जाने पर चर्चा हुई।

## पत्नी के हत्यारे को 25 वर्ष बाद आजीवन कारावास


**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने उत्तर गुजरात के ईश्वरजी ठाकोर को पत्नी की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वह लकवाग्रस्त हैं और अपने दैनिक कार्य करने में असमर्थ हैं। इसलिए कोर्ट ने मानवीय आधार पर सरकार को कानूनी प्रावधान के अनुसार समय पूर्व रिहा करने का भी निर्देश दिया है।

बनासकांठा के दियोदर निवासी 50 वर्षीय ईश्वरजी ठाकोर ने 2000 में पत्नी की चाकू घोंप कर हत्या कर दी थी। ट्रायल कोर्ट ने गैरइरादतन हत्या का दोषी मानते हुए उसे 2002 में सात वर्ष कैद की सजा सुनाई।

# मणिपुर में हथियार और विस्फोटक बरामद, तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।**

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने उग्रवादी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए घाटी क्षेत्रों से प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग इलाकों में चलाए गए तलाशी अभियानों के दौरान बम, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयोन) से जुड़े एक उग्रवादी को इंफाल पूर्व जिले के कोंगपाल चिंगंगबम इलाके से पकड़ा गया। वहीं, इंफाल पश्चिम जिले के अम्बेखोंगनांगखोंग क्षेत्र से प्रतिबंधित प्रेपाक (प्रो) संगठन के 50 वर्षीय सदस्य को गिरफ्तार किया गया। इसी जिले के नागाराम इलाके से प्रतिबंधित पीपल्स लिबरेशन आर्मी से जुड़े एक उग्रवादी को भी पकड़ा गया, जिस पर जबरन वसूली में शामिल होने का आरोप है। उसके पास से दस मांग-पत्र बरामद किए गए हैं।



## यूपीएससी परीक्षाओं के सभी उम्मीदवारों की चेहरे से होगी पहचान




**नई दिल्ली।**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्रों पर चेहरा प्रमाणीकरण किया जाएगा। यानी चेहरे के जरिये उनकी पहचान सत्यापित की जाएगी। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि इससे परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता और अधिक मजबूत होगी। आयोग की वेबसाइट पर जारी नोट में कहा गया, यूपीएससी परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों के चेहरे का परीक्षा केंद्र पर प्रमाणीकरण किया जाएगा। यूपीएससी सरकारी नौकरियों के लिए विभिन्न भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता है, जिनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) परीक्षा भी शामिल हैं।

# भीषण ठंड में ठिठुरा उत्तर भारत, पंजाब में पारा गिरकर 1.1 डिग्री

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत के पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में शनिवार का दिन बेहद ठंडा रहा और भीषण ठंड में लोग ठिठुरते नजर आए। कश्मीर घाटी में पिछले कुछ दिनों से तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है और दिल्ली में इस सर्दी के मौसम की सबसे ठंडी सुबह रिकार्ड की गई। पंजाब के होशियारपुर में न्यूनतम तापमान राज्य में सबसे कम 1.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान इतना नीचे आया है। पंजाब के अन्य शहर भी भीषण ठंड की चपेट में रहे। अमृतसर का न्यूनतम तापमान 1.3, फरीदकोट व गुरदासपुर का 3.2, बठिंडा का 3.4, राजधानी चंडीगढ़ का 4, पटियाला का 4.4, रूपनगर का 4.5 तथा लुधियाना का 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को सुबह घनी धुंध पड़ी। कुछ जिलों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही। कुछ जिलों में शीत दिन जैसी स्थिति बन सकती है। शीत दिन की स्थिति तब बनती है जब अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम हो जाता है। मौसम विभाग चंडीगढ़ के अनुसार जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश के ऊपरी भागों में बर्फबारी की वजह से राज्य के कई जिले अति शीतलहर की चपेट में हैं।

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री

दिल्ली में शनिवार की सुबह इस सीजन की सबसे सर्द रही। मौसम विभाग ने तापमान में गिरावट को देखते हुए दो दिनों का यलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री कम 4.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस बार सर्दी के मौसम का यह अभी तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान है।



## संपादक की कलम से

# सबसे तेज आर्थिक महाशक्ति

यदि 1990 के दशक में कोई कहता कि भारत की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ सकती है, तो कोई भी उद्योगपति या अर्थशास्त्री इसे स्वीकार नहीं करता। तब जापान विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और भारत बहुत पीछे था। भारत ने अर्थव्यवस्था को खोलने और आर्थिक उदारीकरण की शुरूआत ही की थी, लेकिन आज यथार्थ सामने है। आज भारत 4.187 ट्रिलियन डॉलर के साथ विश्व की चौथी



ललित शर्मा
संपादक

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसने जापान को पीछे कर दिया है। भारत सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था है और वह दिन दूर नहीं है, जब भारत में कामगार आबादी 1 अरब होगी। फिलहाल भारत की कुल आबादी 1.47 अरब को पार कर चुकी है। राजनेता अपने आंकड़े सुधार लें। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और कई विख्यात रेटिंग एजेंसियां 2025-26 (31 मार्च, 2026 तक) वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर औसतन 7 फीसदी आंक रही हैं। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन इससे भी अधिक विकास दर को लेकर आशान्वित हैं। यकीनन भारत बदल रहा है और आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। जर्मनी 4.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ तीसरे स्थान पर है। यकीनन भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर है। ऐसी अनुकूल स्थिति के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष नौकरशाहों को यह सलाह क्यों दी है कि विनियमन प्रकोष्ठ स्थापित किए जाएं। प्रधानमंत्री देश की बढ़ती आर्थिक ताकत के रास्ते में किसी भी नियम, कानून और प्रक्रिया को रोड़ा बनने के पक्षधर नहीं हैं। साफ है कि प्रधानमंत्री सुधारों को गति देना चाहते हैं। फालतू के नियम, कानून, प्रतिबंध और प्रक्रियाओं को समाप्त करना चाहते हैं, ताकि जिंदगी और व्यापार करना आसान हो सके। इसी बिंदु पर भारत जापान से बहुत अलग है। 2004 को याद करें, जब एक अनुबंध या ठेका प्राप्त करने में औसतन 425 दिन लगते थे। करीब 40 प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। दिवालियापन के समाधान की प्रक्रिया आराम से 10 साल तक चलती थी। नीति आयोग ने 2017 की अपनी रपट में स्वीकार किया था कि भारत में एक दुकान स्थापित करने में औसतन 118 दिन लगते थे। असम में यह अवधि 248 दिन तक फैल जाती थी। बेशक आज स्थितियां तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने फालतू के सैकड़ों कानूनों को खत्म किया है, लेकिन प्रक्रियाएं आज भी व्यापार, उद्योग के पहिये को अवरुद्ध कर रही हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को विनियमन प्रकोष्ठ स्थापित करने की बात कहनी पड़ी है। यदि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना चाहता है, तो ऐसी स्थितियां बनानी पड़ेंगी, जिनमें कायदे-कानून और फालतू की प्रक्रियाएं शासन न करती हों, बल्कि नियमन को सहज-सुगम बनाती हों। बेशक उससे भारत की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। अब भारत ऐसा देश है, जिसमें 2025 में 1.95 लाख करोड़ रुपए के आईपीओ आए और डीमैट खातों की संख्या 21 करोड़ के पार चली गई। अभी तक 1350 स्टार्टअप में 25,320 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। आज भारत 159 प्रकार के गोला-बारूद, गोलियां, रॉकेट आदि का उत्पादन देश में ही कर रहा है। रक्षा-क्षेत्र करीब 91 फीसदी आत्मनिर्भर हो चुका है। मेक इन इंडिया उत्पादों में ब्रह्मोस और पिनाका मिसाइलों की मांग बढ़ रही है। 2029 तक भारत ने 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा-निर्यात का लक्ष्य तय किया है। आधा तो हम हासिल कर चुके हैं।

## कविता

### हसरत

उदय किशोर साह



सबके आँगन में नाच रही है रूहानी।
पर रूठ गई है मेरी अब प्रेम कहानी॥
ये कैसी तकदीर रब ने हमारी लिखवाया।
मेरी मेहबूब का कहाँ छुप गया साया॥.

सुनहरी भोर पूरब में लाली ले कर आई
मेरे तन मन पर गम की बदरा है छाई
कैसी हमदम पे मैं अपना दिल को लुटाया
अपने घर आँगन में खुद गम को है पाया

रातें सिमट गई तन्हाई का आलम आया
निदिंया भी रुठ कर मन से उड़ता पाया
कैसी है ये प्रीत की रीत सितम जो ढाया
सुकुन भी मेरे पास आने से है घबराया

कभी मेरी भी थी वो शाम हँसीन सुहानी
रोज सुनाई करती भी प्रीत की रवानी
पर धोखा दे अनजाने में जग को हँसाया
खुद को मोहब्बत की दलदल में हूँ पाया

दिन के उजाले अब हमको क्यूं चिढ़ाता
मैं तो हूँ आज किस्मत का दीन विधाता
कब बजेगी मेरी घर में शादी की शहनाई
तंग आ चुका हूँ मैं नित्य की रातें तन्हाई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# क्या टीएमसी-ईडी विवाद का पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव पर प्रभाव पड़ेगा?

जहां तक टीएमसी पर प्रभाव की बात है तो इस विवाद से टीएमसी का कोर वोट बैंक (मुस्लिम-दलित) एकजुट हो सकता है, क्योंकि ममता की 'साजिश के खिलाफ लड़ाई' वाली इमेज मजबूत हुई है। वहीं नई दिल्ली प्रदर्शन और इंडिया गठबंधन का समर्थन मिलने से राज्य में सहानुभूति पैदा कर 5-10 सीटें बचा सकता है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दृष्टिगत राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जो केंद्र में सत्तारूढ़ है, के बीच जिस तरह की सियासी जंग छिड़ी हुई है; केंद्र व राज्य की प्रशासनिक मिशनरियों के दुरूपयोग की बातें सुनी जा रही हैं, उससे साफ है कि दिल्ली की तत्कालीन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल की ही तरह पश्चिम बंगाल की मौजूदा मुखिया ममता बनर्जी को उनके पद से हटाकर ही भाजपा रहेगी। यही वजह है कि भाजपा ने मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को शह प्रदान करने वाली कंपनी आई-पैक की नकेल कसने का निश्चय किया है और अपनी प्रशासनिक प्रभाव वाली मिशनरी ईडी को उसके पीछे लगा दिया है, जैसा कि आरोपी लगते आये हैं। तभी तो टीएमसी और ईडी के बीच कोयला तस्करी से जुड़े आई-पैक छापों पर विवाद तेज हो गया है, जहां ममता बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसी पर चुनावी डेटा चोरी का आरोप लगाया है। वहीं, ईडी का दावा है कि ममता ने जांच में बाधा डाली और महत्वपूर्ण दस्तावेज ले लिए। देखा जाए तो यह विवाद 2026 बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र-राज्य टकराव को उभार रहा है। बताते चलें कि ईडी ने 7-8 जनवरी 2026 को कोलकाता और दिल्ली में आई-पैक (टीएमसी की चुनावी सलाहकार फर्म) के 10 ठिकानों पर छापे मारे, जो कोयला घोटाले से जुड़े हैं। इससे विचलित हुईं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद ही छापे स्थल पहुंचीं और अपनी पार्टी की जरूरत वाली दस्तावेज बचाकर ले गईं, जिसे ईडी ने बाधा बताते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की। वहीं, टीएमसी ने भी कोर्ट में ईडी पर राजनीतिक डेटा चुराने का केस ठोका, जबकि कोलकाता पुलिस ने ईडी के खिलाफ दो मामले दर्ज किए। इस प्रकार उक्त विवाद का राजनीतिक प्रभाव स्पष्ट है। कुलमिलाकर यह विवाद टीएमसी को 'केंद्र की साजिश' का शिकार दिखाने में मदद कर रहा है, जो उसके वोट बैंक को एकजुट कर सकता है। जबकि भाजपा इसे भ्रष्टाचार उजागर करने का मौका मान रही है, खासकर पुराने घोटालों (स्कूल जॉब्स, पीडीएस) के बाद। वहीं अन्य विपक्षी दल जैसे कांग्रेस और आप टीएमसी का समर्थन कर रहे हैं, जबकि सीपीआई(एम) इसे स्टेज्ड ड्रामा बता रहा है। इससे पुनः यह सवाल उठता है कि आखिर चुनाव से ठीक पहले शुरू हुआ यह राजनीतिक और प्रशासनिक ड्रामा किसके पक्ष में जाएगा? शायद टीएमसी के पक्ष में, क्योंकि इस विवाद से भी ममता की 'संघर्षरत नेता' की छवि मजबूत हो रही है। वहीं, जिस तरह से नई दिल्ली में टीएमसी सांसदों के प्रदर्शन से इंडिया गठबंधन को मजबूती मिली है, उससे साफ है कि चुनावी डेटा चोरी का नैरेटिव मुस्लिम-दलित वोटों को पुनः लोकसभा चुनाव 2024 की तरह ही एकजुट कर सकता है। क्योंकि टीएमसी को वोट एकीकरण में मदद मिलेगी, उसकी केंद्र-विरोधी नैरेटिव मजबूत होगी। यह बात दीगर है कि यदि कोर्ट में हार मिली तो इससे उनकी छवि को धक्का पहुंचेगा। हालांकि, भाजपा के पक्ष में सकारात्मक बात यह है कि यदि ईडी कोयला घोटाले में ठोस सबूत लाती है, तो टीएमसी नेताओं (अभिषेक बनर्जी से जुड़े केस) पर दबाव बनेगा और भाजपा 'विकास ५२ भ्रष्टाचार' पर हमला बोल सकेगी।



जहां तक टीएमसी पर प्रभाव की बात है तो इस विवाद से टीएमसी का कोर वोट बैंक (मुस्लिम-दलित) एकजुट हो सकता है, क्योंकि ममता की 'साजिश के खिलाफ लड़ाई' वाली इमेज मजबूत हुई है। वहीं नई दिल्ली प्रदर्शन और इंडिया गठबंधन का समर्थन मिलने से राज्य में सहानुभूति पैदा कर 5-10 सीटें बचा सकता है। हालांकि, कोयला घोटाले जैसे पुराने केस दोहराने से शहरी/मध्यम वर्ग में असंतोष बढ़ेगा। जहां तक भाजपा पर प्रभाव की बात है तो भाजपा को भ्रष्टाचार उजागर करने का नैरेटिव मिला है, जो उसके 'परिवर्तन' एजेंडे को मजबूत करेगा, विशेषकर आदिवासी/हिंदू बहुल क्षेत्रों में। यदि कोर्ट ईडी के पक्ष में फैसला देता है, तो 10-15 सीटों पर फायदा संभव; वोटर लिस्ट रकफ विवाद के साथ मिलकर ध्रुवीकरण तेज करेगा। जबकि जोखिम यह है कि एजेंसी दुरुपयोग का आरोप विपक्ष को मजबूत बनाएगा। जहां तक कुल चुनावी प्रभाव की बात है तो कुल 294 सीटों में यह विवाद 20-30 सीटों तक सीमित रह सकता है, क्योंकि बंगाल में स्थानीय मुद्दे (बेरोजगारी, रकफ, बांग्लादेश तनाव) हावी हैं। सवाल है कि इस विवाद से प्रभावित 90 विधानसभा सीटें कौन-कौन सी हैं तो जवाब होगा कि टीएमसी-ईडी विवाद से प्रभावित 90 विधानसभा सीटों का विश्लेषण वोटर लिस्ट विवाद (रकफ योजना से 56 लाख नाम हटने) से जुड़ा है, न कि सीधे ईडी छापों से। ये वे सीटें हैं जहां वोटर अंतर कम (5,000 से कम) है और नाम हटने से टीएमसी का वोट बैंक प्रभावित हो सकता है।

# फिट होने पर भी हो सकता है फैटी लिवर, डॉक्टर ने बताई असली वजह और बचाव के खास उपाय

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो पतले या सामान्य वजन वाले लोगों में भी नॉन-ओबेस फैटी लिवर काफी तेजी से बढ़ रहा है। यह इसलिए भी खतरनाक है, क्योंकि ऐसे लोग इस समस्या को पहचान नहीं पाते हैं। जिस कारण यह बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है। ज्यादातर लोग मानते हैं कि फैटी लिवर सिर्फ मोटापे या खराब लाइफस्टाइल वाले लोगों को होता है। लेकिन सच्चाई यह है कि कई बार बिल्कुल फिट दिखने वाले लोग भी फैटी लिवर का शिकार बन जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो पतले या सामान्य वजन वाले लोगों में भी नॉन-ओबेस फैटी लिवर काफी तेजी से बढ़ रहा है। यह इसलिए भी खतरनाक है, क्योंकि ऐसे लोग इस समस्या को पहचान नहीं पाते हैं। जिस कारण यह बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है।



**फिट दिखना अंदरूनी सेहत का संकेत नहीं**

सबसे बड़ी वजह यह है कि फिट दिखना हमेशा अंदरूनी सेहत का संकेत नहीं होता है। कुछ लोग बाहर से दुबले-पतले दिखाई देते हैं, लेकिन उनके शरीर में विजरल फैट का मात्रा ज्यादा होती है। यह छिपा हुआ फैट लिवर में जाकर ट्राइग्लिसराइड्स जमा करता है। फिर धीरे-धीरे यह फैटी लिवर का रूप ले लेता है। इसके अलावा असंतुलित खानपान, नींद की कमी, जेनेटिक फैक्टर, कम प्रोटीन और उच्च कार्ब डाइट, हल्की-फुल्की शारीरिक एक्टिविटी और बार-बार बाहर के खाने की भी प्रमुख भूमिका होचती है। में फ्राइड फूड, शुगर और प्रोसेस्ड आइटम्स शामिल होता है। जोकि लिवर पर सीधा असर डालती है। वहीं पतले लोगों में एल्कोहल सेवन भी फैटी लिवर का आम कारण है। भले ही शरीर फिट दिखे, लेकिन नियमित शराब का सेवन लिवर में फैट जमा करती है और सूजन बढ़ाकर फाइब्रोसिस का खतरा बढ़ाती है। इस तरह से इंसुलिन रेसिस्टेंस, थायरॉयड असंतुलन और पीसीओएस जैसी स्थिति दुबले-पतले लोगों में फैटी लिवर की वजह बन सकती है।

**बचाव**

सबसे पहले हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार लिवर फंक्शन टेस्ट और अल्ट्रासाउंड करवाना चाहिए। फिर चाहे वह कितना भी हेल्दी और फिट क्यों न दिखता हो। साथ ही डाइट में शुगर युक्त पेय, रिफाइंड कार्ब्स, जंक फूड और डीप फ्राइड स्नैक्स का कम रखें। फल, प्रोटीन, हरी सब्जियां, ओमेगा 3 और फाइबर युक्त भोजन लें।

रोजाना कम से कम 30-40 मिनट स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, ब्रिस्क वॉक जरूर करना चाहिए। क्योंकि यह एक्सरसाइज लिवर में जमे फैट को घटाता है। इसके अलावा तनाव कम करें, शराब का सेवन न्यूनतम रखें और नींद पूरी लें।

# इस लोहड़ी खुद को दें 'पटोला' लुक, ऐसे डिजाइनर पटियाला सूट बढ़ाएंगे आपकी खूबसूरती

लोहड़ी 2026 पर 'पटोला' जैसा आकर्षक लुक पाने के लिए डिजाइनर पटियाला सूट बेहतरीन विकल्प हैं। इस फेस्टिवल पर ट्रेंड में चल रहे लैवेंडर, ब्राउन एम्ब्रोइडरी और रेड पंजाबी सूट जैसे लेटेस्ट डिजाइंस को अपनाकर आप अपनी खूबसूरती को और निखार सकती हैं।

लोहड़ी के त्योहार बेहद नजदीक आ चुका हैं। ऐसे में महिलाएं काफी कन्फ्यूज इस बार लोहड़ी पर्व पर क्या पहनें। अगर आप इस पर्व की उत्साहपूर्वक से सेलिब्रेट करना चाहती हैं, तो आप लोहड़ी पर ट्रेडिशनल और एथनिक आउटफिट पहन सकते हैं ये डिजाइनर पटियाला सूट। आप भी इस साल लोहड़ी पर कुछ लेटेस्ट सूट डिजाइंस को ट्राई कर सकती हैं। आइए आपको इन सूट डिजाइंस के बारे में- यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है



**लैवेंडर कलर पटियाला सूट**

अगर आप भी लोहड़ी के खास मौके पर सबसे अलग और आकर्षक दिखना चाहती हैं, तो अपने लिए परफेक्ट आउटफिट चुनना जरूरी है। इस अवसर के लिए लैवेंडर रंग का पटियाला सूट एक शानदार विकल्प साबित हो सकता है। आजकल ऐसे सूट डिजाइन काफी ट्रेंड में हैं, जो न सिर्फ आपकी खूबसूरती को निखारते हैं बल्कि आपको एक एलिगेंट और रॉयल अंदाज भी देते हैं। यह लुक आपको भीड़ में सबसे खास बना देगा।

**ब्राउन कलर एम्ब्रोइडरी पटियाला सूट**

यदि आपको डिफरेंट लुक चाहिए और आप एलिगेंट टच चाहती हैं, तो आप इस साल लोहड़ी पर इस खूबसूरत ब्राउन कलर एम्ब्रोइडरी पटियाला सूट भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के पटियाला सूट आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद सकते हैं। इन दिनों ऐसे पटियाला सूट डिजाइंस काफी ट्रेंड में है, जो लोहड़ी के फंक्शन में बेस्ट ऑप्शन हैं।

**रेड पंजाबी पटियाला सलवार सूट**

यदि आप लोहड़ी के फंक्शन में अपने लुक से सभी को खुश करना चाहती हैं और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहते हैं, तो इस तरह के खूबसूरत रेड पंजाबी पटियाला सलवार सूट भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता हैं। ऐसे सूट डिजाइंस को आप मार्केट से कपड़ा लेकर भी सिलवा सकती हैं या फिर ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं।

**पिंक एंड येलो पटियाला सूट**

लोहड़ी के जश्न के लिए पिंक और येलो कलर का यह सुंदर पटियाला सूट भी एक बेहतरीन चुनाव हो सकता है। सही एक्सेसरीज और खूबसूरत हेयरस्टाइल के साथ आप अपने लुक को और भी निखार सकती हैं। इस तरह के ट्रेंडी पटियाला सूट आजकल आसानी से पास के मार्केट में उपलब्ध हैं, वहीं चाहें तो इन्हें ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म से भी खरीदा जा सकता है।

# बरसाना में मनेगा श्री राधागिरधर लाल जी का दिव्य ब्याहुला उत्सव

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** ब्रज की पावन धरा बरसाना में दिव्य स्वरूप हमारे सेव्य श्री राधागिरधर लाल जी के ब्याहुला उत्सव के उपलक्ष्य में 11 जनवरी रविवार से 15 जनवरी बृहस्पतिवार तक पांच दिवसीय भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्री धाम बरसाना में श्रीजी के चरण सानिध्य में माताजी गौशाला परिसर में होगा, जिसमें श्री निकुंजय रस एवं श्री राधाझगिरधर विवाह रस चर्चा का भावपूर्ण रसपान भक्तों को प्राप्त होगा। शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में भागवत भास्कर श्री कृष्ण शास्त्री ठाकुर जी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पूज्य इंद्रेश जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें देशभर से श्रद्धालु एवं ब्रज रसिक भक्त भाग लेंगे।

कार्यक्रम के अनुसार प्रथम दिवस रविवार को निकुंज से श्री अष्टसहचरी वृद्ध एवं श्रीजी के प्राकट्य उपलक्ष्य में भानु भवन में भव्य बधाई महोत्सव का आयोजन होगा। द्वितीय दिवस श्री राधागिरधर लाल जी की लगुन एवं सगाई की रसपूर्ण लीलाओं का वर्णन होगा। तृतीय दिवस श्रीजी की हल्दी एवं मेहंदी की मंगल रस चर्चा संपन्न होगी। चतुर्थ दिवस श्री राधागिरधर लाल जी की भव्य बारात, लगन मंडप में संपूर्ण विवाह मनोरथ एवं विवाह लीला का दिव्य आयोजन होगा। वहीं पंचम एवं अंतिम दिवस ज्योनार, श्री प्रियाझप्रीतम के विवाह की बधाई एवं रंग महल में विश्राम लीला के साथ महोत्सव का समापन होगा। भागवत भास्कर श्री कृष्ण शास्त्री ठाकुर जी ने बताया कि यह ब्याहुला उत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि ब्रज संस्कृति, भक्ति, रस एवं परंपराओं का जीवंत स्वरूप है, जिसमें सहभागी बनकर भक्त आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करेंगे। आयोजन को लेकर बरसाना में उत्सवमय वातावरण बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम में बरसाना के विरक्त संत रमेश बाबा महाराज, विनोद बाबा महाराज, मलूक पीठाधीश राजेंद्र दास महाराज, गुरु शरणानंद महाराज आदि के साथ ब्रज के कई अन्य संत महात्मा उपस्थित रहकर अपने वचनों से वैष्णव भक्तों को कृतार्थ करेंगे। साथ ही भगवती प्रसाद गंधर्व, पूनम दीदी, राधाकृष्ण महाराज, चित्र-विचित्र दास, निकुंज कामरा, आरुषि गंभीर, बी. प्राक, कीर्तिमान गढ़वी, मोहित चौधरी और दिव्यदास आदि की उपस्थिति से उत्सव का सांस्कृतिक पक्ष शोभायमान होगा।

# वृंदावन में इनरव्हील क्लब ने मनाया इनरव्हील डे

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** इनरव्हील क्लब वृंदावन ने अंतरराष्ट्रीय इनरव्हील डे के अवसर पर एक हृदयस्पर्शी सामाजिक पहल की। क्लब की अध्यक्ष विनीता द्विवेदी ने शहर के स्लम क्षेत्र में गरीब बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें गर्माहट और खुशियों का तोहफा दिया। इस अवसर पर बच्चों को विंटर कैप (गर्म टोपियां) वितरित की गईं, साथ ही स्वादिष्ट जलेबी और लड्डू का भी वितरण किया गया। ठंड के इस मौसम में मिली इन गर्म टोपियों और मीठे व्यंजनों ने बच्चों के चेहरों पर किलकारी और मुस्कान बिखेर दी। यह सेवा कार्य इनरव्हील क्लब की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है जो महिलाओं द्वारा संचालित इस संगठन की विशेषता है, समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर बच्चों की मदद करना, शिक्षा, स्वास्थ्य और खुशी बांटना। यहाँ कुछ मनमोहक क्षण



देखिए, जब बच्चे उपहार पाकर खिलखिला उठे। ऐसे ही छोटे-छोटे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। इनरव्हील क्लब वृंदावन की इस पहल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि दया और प्रेम की कोई सीमा नहीं होती। विनीता द्विवेदी ने कहा की बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, हम आगे भी ऐसे कार्य जारी रखेंगे।

## 11 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक जनपद की सभी

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा निर्देशित किया गया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत समस्त बीएलओ द्वारा दिनांक 11 जनवरी 2026 को अपने बूथ पर उपस्थित होकर सम्बन्धित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जाएगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभाओं के समस्त मतदेय स्थलों पर दिनांक 11 जनवरी 2026 को समय प्रातः 09 बजे से सांय 04 बजे तक मेगा कैम्प का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए है। उक्त मेगा कैंप में बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जायेगा तथा अधिक से अधिक फार्म- 6, 7 व 8 प्राप्त किए जायेंगे। मेगा कैम्प मतदेय स्थल पर ही आयोजित होगा। मेगा कैम्प में बीएलओ, समस्त बीएलए (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल), सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल, नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगर निकाय के क्षेत्रीय कर्मचारी जैसे टैक्स कलेक्टर, सैनेटरी इंस्पेक्टर, सफाई नायक, सफाई कर्मी, पार्षद इत्यादि, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, बीसी सखी, नरेगा महिला मेट इत्यादि, राशन डीलर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विद्युत विभाग के लाइन मेन व मीटर रीडर, आशा, ए.एन.एम., आंगनबाड़ी कार्यकत्री, क्षेत्रीय विद्यालय के समस्त अध्यापक (बीएलओ की ड्यूटी के अतिरिक्त बचे हुए अवशेष) आदि उक्त कैंप में उपस्थित रहेंगे।

# देवेंद्र सिंह नवादा अध्यक्ष व रवि कुमार सचिव पद पर निर्वाचित

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** हापुड़ बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न हो गए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को मतदान हुआ, जबकि मतगणना शनिवार सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर देर शाम तक चली। उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले के बाद अध्यक्ष पद पर देवेंद्र सिंह नवादा तथा सचिव पद पर रवि कुमार ने विजय प्राप्त की। अध्यक्ष पद पर देवेंद्र सिंह नवादा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मुकेश त्यागी को 146 मतों से पराजित किया, जबकि सचिव पद पर रवि कुमार ने कुलदीप सिंह तोमर को 115 मतों से हराया। सह सचिव (प्रशासन) पद पर सुरजन सिंह सैनी ने 231 मतों से, सह सचिव




(पुस्तकालय) पद पर 323 मतों से तथा कोषाध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र लोधी ने 139 मतों से जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं एवं ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत विजयी पदाधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नवादा ने कहा कि वे सभी अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर परिस्थिति में खड़े रहेंगे। वहीं सचिव रवि कुमार ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लएकता में ही शक्ति है। उन्होंने नई कचहरी के निर्माण हेतु प्रयास करने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर एडवोकेट रमेश चंद्रा, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष रामनिवास, दीपक कुमार, देवेंद्र सिंह, सूरज सिंह, मोहम्मद बिलाल, उज्जवल सिंह, गौरव शर्मा, अनिल आजाद, महेंद्र सिंह, अजीत चौधरी, चौधरी सुधीर राणा, अमित कुमार (पिलखवा), संदीप कुमार, लोकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## श्रेयांश का नौसेना में सब लैफ्टिनेंट के पद पर हुआ चयन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** तहसील गोवर्धन के गांव सकरवा निवासी श्रेयांश शर्मा पुत्र जितेंद्र कुमार शर्मा का भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयन होने से परिजनों सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। भगवान दास प्रधान, ओम प्रकाश शर्मा (ओमी पंडित) सकरवा वालों के नाती ने अपनी मेहनत व लगन से यह उपलब्धि हासिल कर परिवार का नाम रोशन कर दिया। बच्चे की नियुक्ति की खबर सुनकर दादी उमा शर्मा एवं माताजी नीता शर्मा की आखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। इस अवसर पर योगेश शर्मा, दिलीप कुमार शर्मा, राम प्रधान, त्रिलोकी शर्मा, भगवत प्रसाद शर्मा, सुशील शर्मा सहित तमाम लोगों ने श्रेयांश को शुभकामनाएं देते हुए मिठाई वितरण की। डॉ मुकेश सैनी ने श्रेयांश को गिरिराज जी का स्वाफा बांधकर पुष्पमाला पहनाकर, स्मृतिचिन्ह प्रदान कर हौसला अफजाई की।

## डिबाई पहुंची पवित्र दिव्य सांई ज्योति

**वेलकम इंडिया**

**डिबाई/बुलंदशहर**/दिव्य साई ज्योति के नगर में आगमन पर साई भक्तों में फैली भक्तिभाव पूर्ण हर्ष की लहर नगर में भगवान श्री सत्य साई बाबा सेवा संगठन के तत्वावधान में प्रशान्ति निलयम ,आंध्र प्रदेश से सम्पूर्ण भारत भ्रमण पर निकली दिव्य साई ज्योति का बीते सायंकाल को नगर के साई भक्तों द्वारा दिल्ली से डिबाई लाया गया, जहाँ दिव्य साई ज्योति का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह के आवास पर रात्रि को भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें साई भक्तों के अलावा नगर के धर्म प्रेमियों द्वारा साई दिव्य ज्योति के दर्शन करके पुष्प वर्षा की गयी तथा पुण्य अर्जित किया गया एवं स्वयं को कृतार्थ अनुभव किया।

संगठन के मीडिया प्रभारी राकेश वार्ष्णेय ने बताया कि साई अवतार के पवित्र दिव्य ज्योति के रूप में दर्शन करना ही सनातन धर्म पद्धति का एक आध्यात्मिक रूप है। इसलिए हर धार्मिक आयोजनों में दीप प्रज्वलन की परम्परा है। जिसके बिना पूजा अर्चना में पवित्र दीप प्रज्जवलन आवश्यक माना जाता है तथा जिस स्वरूप के प्रति भक्त अपनी आराधना पूजा आदि करते हैं। वह अपने आराध्य को पवित्र दीप के रूप में दर्शन करके अपने आराध्य की दिव्य उपस्थिति का अनुभव करते हैं। इसीलिए हर धार्मिक कार्य में दीप प्रज्जवलन करने की परम्परा है। अगले दिन प्रातःकाल में पवित्र दिव्य ज्योति को अनेकों साई भक्तों के आवासों में भी भ्रमण कराया गया जहाँ भक्ति भाव एवं श्रद्धापूर्वक विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। तदोपरान्त अपरान्ह को दिव्य साई दीप ज्योति को अगले गंतव्य स्थानों के लिए अग्रसर किया गया। इस अवसर पर श्रीपाल सिंह एडवोकेट रामजीलाल, प्रशान्त वार्ष्णेय, अरविन्द कुमार एडवोकेट, कुमारी डॉक्टर गिरिजा जैसवाल रेखा जैसवाल आदि अनेकों साई भक्त उपस्थित रहे।

## गंगा के बीचोबीच उगाई जा रही सब्जी की फसल रसायनिक खादों का हो रहा प्रयोग

**बुगरासी।** नमामि गंगे के आदेशों का उल्लघंन कर लगाई जा रही फसल। एसडीएम ने दिये जांच के आदेश। बुगरासी चौकी क्षेत्र के गांव भगवानपुर में गंगा के बीचोंबीच रसायन युक्त खाद डालकर उगा रहे हैं सब्जी की फसल स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस फसल में कीटनाशक का प्रयोग खुल्लम खुल्ला किया जा रहा है। जिससे जलीय जीवों को खतरा पैदा हो गया है। इस पानी में नहाने से लोगों को चर्म रोग भी हो रहे हैं। ग्रामीण बीनू राकेश दयानंद कलुआ बबलू ने बताया कि इस फसल में कीटनाशक का प्रयोग खुलेआम हो रहा है जिसके कारण जलीय जीवों को भी खतरा पैदा हो गया है। उक्त मामले में एसडीएम स्याना का कहना है कि अभी मामला मेरे संज्ञान मे नही है।

# स्वर्गीय सुदिक्षा भाटी की स्मृति में बालिकाओं का कबड्डी टूनार्मेंट आयोजित, 26वां जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**गौतम बुद्ध नगर** ग्राम डेरी स्कैनर में स्वर्गीय सुदिक्षा भाटी की स्मृति में बालिकाओं का कबड्डी टूनार्मेंट श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय सुदिक्षा भाटी का 26वां जन्मदिवस भी भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ मनाया गया। सुदिक्षा भाटी एक होनहार एवं प्रतिभाशाली छात्रा थीं, जिनकी स्मृति में आयोजित यह आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। कबड्डी टूनार्मेंट में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुश्री सरयू शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव श्री हाकम दीक्षित, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री अक्षित शर्मा, उत्तर प्रदेश प्रदेश




अध्यक्ष श्री अमरीश चौहान सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय सुदिक्षा भाटी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री अमरीश चौहान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ह्लसुदिक्षा भाटी हमारे गांव की बेटी थीं। उनकी स्मृति में आयोजित यह कबड्डी टूनार्मेंट समाज और देश की बेटियों के लिए प्रेरणा है। आज अनेक बेटियां सुदिक्षा के पदचिन्हों पर चलकर आगे बढ़ रही हैं और अपने सपनों को साकार कर रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना एवं समाज में बेटियों के सशक्तिकरण का संदेश देना रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री सरयू शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव श्री हाकम दीक्षित, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री अक्षित शर्मा, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उदय कुमार, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री प्रतिनिधि अभिषेक शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश श्री अमरीश चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री देविंदर यादव, प्रदेश संगठन मंत्री राम अवतार सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अजय शर्मा, प्रदेश महासचिव श्री नीरज शर्मा, जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर पुलकित सिंगल, जिला महासचिव गाजियाबाद मुंददर यादव, योगेश शर्मा सदरपुर एवं एडवोकेट अभिषेक राघव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बहुजन सशक्तिकरण संघ में अमित सागर बने जिला अध्यक्ष

**हापुड़** बहुजन सशक्तिकरण संघ (इ.र.र.) के विस्तार एवं संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अमित सागर को जनपद हापुड़ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पं. कमलेश कुमार गौतम द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से की गई। नियुक्ति पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अमित सागर अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ करते हुए संगठन को जनपद स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे। अमित सागर की नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बहुजन सशक्तिकरण संघ जनपद हापुड़ में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा।

## थाना दिवस में आईं सिर्फ तीन शिकायतें


**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** माह के दूसरे शनिवार को थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में मात्र तीन शिकायतें मिलीं। नायब तहसीलदार औरंगाबाद ललित नारायण प्रशांत और थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने जन समस्याओं की सुनवाई की। औरंगाबाद थाने पर वर्ष 2026 के प्रथम थाना दिवस में शनिवार को जनता की तीन शिकायतें दर्ज कराई गयी कस्बे के जहांगीराबाद रोड निवासी दिनेश कुमार गुप्ता ने अपनी पुत्री के उत्पीड़न की शिकायत अधिकारियों के समक्ष रखते हुए बताया कि उनकी पुत्री को उसके पति और सुसरालियों द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुसराल पक्ष से फोन वार्ता की और समस्या समाधान का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार ललित नारायण प्रशांत और थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने शिकायत कताओं को समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मनरेगा संग्राम अभियान को बूथ स्तर पर मनरेगा मजदूरों के बीच मजबूती से चलाएं कार्यकर्ता कांग्रेस गरीबों को हक दिलाएगी: ज्ञानेंद्र सिंह राघव

**वेलकम इंडिया**

**शामली**/ शनिवार को प्रदेशव्यापी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी की आज से शुरू हो रहे मनरेगा संग्राम अभियान के क्रम में जनपद शामली के जिला कार्यालय व मुख्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखलाक प्रधान व संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सनी गुप्ता ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने प्रेस को संबोधित करते हुए 10 जनवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले 45 दिनों के मनरेगा संग्राम कार्यक्रम के चरणबद्ध रूपरेखा जिसमें ब्लॉक मंडल बूथ के साथ-साथ जिला



स्तर पर उपवास व कलेक्ट्रेट का घेराव प्रदेश मुख्यालय पर घेराव कर व देशव्यापी रैली के कार्यक्रम से अवगत कराते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा केंद्र सरकार के मनरेगा योजना को समाप्त कर गरीब और मजदूर को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जहां एक और यूपीए सरकार ने 100 दिन की गारंटी का रोजगार देने के साथ-साथ गांव को मजबूत करने के क्रम में गारंटी रोजगार देने से पंचायत व गांव गरीब मजबूत हो रहा था वही आरएसएस की नफरत की सोच के चलते मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में वर्तमान में हो रही भ्रष्टाचार को छुपाने तथा रोजगार से आम गरीब को वंचित कर मजदूर की कमर तोड़ने के साथ-साथ गांव गरीब मजदूर किसान को कमजोर कर मनरेगा को बर्बाद करना चाहती है केंद्र सरकार इसके विरोध में कांग्रेस देशव्यापी आंदोलन का मनरेगा को मजदूर गरीब के सम्मान में रोजगार के साथ जोड़कर बहाल कर आएगी जिसके लिए सभी कार्यकताओं से कार्यक्रम बनाकर पीसीसी से आए पत्रकार को डिस्ट्रीब्यूशन कर अभियान में जोड़ने का आह्वान किया प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष डॉ नसरीन जनपद बरेली की कोऑर्डिनेटर व जनपद बुलंदशहर की मनरेगा कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़, डॉ रामलाल कश्यप जिला उपाध्यक्ष आदि लोग सम्मिलित रहे।

# कायाकल्प सर्वे में लगातार दूसरे वर्ष सफलता हासिल।

**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी ने कायाकल्प सर्वेक्षण में जनपद में तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी ने लगातार दूसरे वर्ष कायाकल्प सर्वे में सफलता हासिल की है। भारत सरकार के दिशा निर्देशन में प्रदेश भर में चल रहे सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में तमाम बिंदुओं पर आधारित कायाकल्प सर्वे कर स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति और वहां उपलब्ध तमाम सुविधाओं का आकलन किया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी ने वर्ष 2024-25 में समूचे जनपद में तीसरे स्थान पर रह कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। जनपद बुलंदशहर में वर्ष 2024-25 में कराये गये कायाकल्प सर्वे में सी एच सी -बी बी नगर प्रथम, सी एच सी -जहांगीराबाद द्वितीय तथा सी एच सी -लखावटी तीसरे स्थान पर रहे हैं। जनपद में सिर्फ छ स्वास्थ्य केंद्र ही सर्वेक्षण में 70% अंक प्राप्त कर सफल साबित हो सके हैं। स्याना, दानपुर और शिकारपुर के स्वास्थ्य केंद्र भी सफलता प्राप्त करने में सक्षम रहे।

विदित हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी ने वर्ष 2023-24 में भी कायाकल्प सर्वे में सफलता प्राप्त की थी।

# मेडिकल कालेज कैंपस में मॉक ड्रिल का आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** स्वाहेड़ी स्थित महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बिजनौर की प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला कार्या की उपस्थिति में मेडिकल कॉलेज कैंपस के अकादमिक ब्लॉक में फायर सेफ्टी की मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस मॉक ड्रिल में महाविद्यालय के सभी - संकाय सदस्य, कर्मचारी, सिक्योरिटी स्टाफ तथा एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। जनपद बिजनौर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडे के निदेशार्नुसार, के. एस. जादौन, प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद के नेतृत्व में मॉक ड्रिल करवाई गई। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई तथा आग बुझाने में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरणों के सही प्रयोग की विधि को जा विस्तार से समझाया गया। छात्र-छात्राओं को यह बताया गया कि किस प्रकार अग्निशमन यंत्रों का सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से उपयोग कर आग पर शीघ्र नियंत्रण पाया सकता है। प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद के. एस. जादौन द्वारा छात्र-छात्राओं से स्वयं अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग भी करवाया गया तथा आग बुझाने की व्यावहारिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ.उर्मिला कार्या ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में कार्यरतसभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, सिक्योरिटी स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की पूर्ण जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मॉक ड्रिल में अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद की ओर से अस्लम खान, राकेश कुमार राणा एवं दीपक कुमार ने भी सक्रिय योगदान दिया।

## घटिया निर्माण से उबाल: नई मंडी व्यापारी भड़के, आंदोलन की चेतावनी

**बुलंदशहर** जहाँगीराबाद-नई मंडी क्षेत्र में सड़क व नाली निर्माण कार्य में हो रही कथित अनियमितताओं को लेकर व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा है। लगभग 3 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से चल रहे नवीन मंडी विकास कार्यों में घटिया सामग्री के प्रयोग और लापरवाही के आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों का कहना है कि निर्माण में घटिया सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, जबकी पुलिया के सहारे भराव में मोटे-मोटे पत्थर लगाए जा रहे हैं, जिससे सड़कें पुलिया बेहद खराब गुणवत्ता की बन रही हैं।

# सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**आगरा** में पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में अपर पुलिस उपायुक्त यातायात हिमांशु गौरव, संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त, ठल्अक, ढहऊ विभाग के अधिकारी और सीसी टीम प्रभारियों ने भाग लिया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए विचार-विमर्श करना और आवश्यक कदम उठाने के लिए दिशा-निर्देश देना था। गोष्ठी के दौरान, सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में सुधार के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें सड़कों की स्थिति में सुधार, यातायात संकेतों की व्यवस्था, और यातायात नियमों का पालन कराने जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। गोष्ठी के अंत में, सभी उपस्थित अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस गोष्ठी के माध्यम से, यातायात पुलिस और ठल्अक, ढहऊ विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक संयुक्त प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

# चौधरी वीर सिंह ने खिलाड़ियों को दी सड़क सुरक्षा के नियम की जानकारी



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** जनता इंटर कॉलेज बागड़पुर के खेल के मैदान में सड़क सुरक्षा माह के अंन्तर्गत कबड्डी भुपलान एकेडमी के खिलाड़ियों को सड़क सुरक्षा के नियम समझाते समाजसेवी गुड सेमी रिटर्न शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ब साथ में रहे खिलाड़ियों के कोच हरदीप सिंह उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन पर बैठते ही हेलमेट लगाकर चलना चाहिए व दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठे, चार पहिया वाहन चलाते ही सीट बेल्ट लगाकर चलें व चौराहे पर लाल हरी बत्ती का ध्यान रखें व हाईवे पर चढ़ते टाइम गाड़ी रोक कर दोनों तरफ देखें जब प्रवेश करें शराब के नशे में कोई सा भी वाहन न चलाएं।

इस वक्त कोहरे का समय चल रहा है उसमें बड़ी सावधानी से और धीरे चलें 40, 45 की स्पीड से वाहन चलाएं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है और सभी खिलाड़ियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

# विवेक विश्वविद्यालय में चल रही नेशनल स्पीड हैंडबाल बॉल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में चल रहे नेशनल स्पीड हैंडबाल बॉल चेम्पयिनशिप 2025 का महिला एवं पुरुष वर्ग दोनो में दिल्ली ने अपनी बादशाहत दिखाते हुये चैम्पयनशिप अपने नाम की। फाइनल में महिला वर्ग में दिल्ली ने हरियाणा को 13-08 से परास्त किया वही पुरुष वर्ग में दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश को 15-13 से पराजित किया। तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में विवेक विश्वविद्यालय एकेडमी एवं महिला वर्ग मे छत्तीसगढ रहा। मैन आफ द टुनार्मेंट उत्तर प्रदेश टीम हर्ष यादव रहे वूमेन आफ द टुनार्मेंट दिल्ली टीम की तनिषा रही समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे विवेक विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल, स्पीड हैडबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव अमित मान, स्पीड हैडबाल फेडरेशन उत्तर प्रदेश के सचिव विवेक गिरि, स्पीड हैडबाल फेडरेशन संस्थापक सदस्य पप्पल गोस्वामी, प्रोचांसलर दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष डी के अग्रवाल, कुलपति प्रोफेसर एन के गुप्ता, कुलसचिव डॉ हितेश शर्मा, आदि के द्वारा संयुक्त रुप से टीमों को पुरुष्कृत कर किया गया। इस अवसर पर अमित गोयल ने सभी विजयी खिलाडियो को शुभकामनाऐ देते हुये कहा कि खेल भावना खेल में महत्वपूर्ण होती है जो अनुशासन और संयमित होकर खेलते है विजयी होते है। हार जीत खेल का हिस्सा होते है। नेशनल हैंड बाल के सचिव मान सिंह ने कहा कि फेडरेशन का उददेश्य गावों में छिपी प्रतिभा को खोजना है हमारा देश आने वाले समय में सबसे ज्यादा पदक लाने वाला बनेगा। कुलपति एन के गुप्ता ने कहा कि जनपद बिजनौर में विवेक विश्वविद्यालय नेशनल चेम्पयिनशिप का आयोजन किया जाना जनपद बिजनौर के लिए सम्मान की बात है। भविष्य में विश्वि्वद्यालय अन्य राष्ट्रीय स्तर के खेलो को बिजनौर में आयोजित करायेगा।

## सांड के होपने से घबड़ा के गिरे वृद्ध, चार घण्टे बाद मौत

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के हरपुर गांव में शनिवार की सुबह सांड के होपने से डंडा लेकर घर के पास घूम रहे 100 वर्षीय वृद्ध पन्नलाल राजभर घबड़ाकर गिर गए।परिजन तुरंत वृद्ध को उठाकर खाट पर सुलाए थोड़ी देर बाद परिजन डॉक्टर को बुलाकर दिखाए डॉक्टर ने दवा दिया।वृद्ध पन्नलाल का नाती राम बहाल ने बताया कि दादा दवा खाकर खाट पर धूप में बाहर सो रहे थे अचानक 1 बजे के टाइम उठे बोले घबराहट हो रहा है तुरंत हम लोग डॉक्टर के पास ले के गए लेकिन दादा का देहांत हो गया।

मृतक पन्नलाल को एक पुत्र व दो पुत्री बताई गई।मृतक के परिजनों ने वृद्ध का दाह-संस्कार मिजार्पुर जिले के अदलपुरा घाट पर ले जाकर किया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर मौत



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर** सड़क हादसे में 50 वर्षीय राजमिस्त्री राकेश कुमार उर्फ बबलू की मौत हो गई। यह घटना नांगल चन्दक रोड पर बरकातपुर मिल के पास उस समय हुई जब वे अपने घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राकेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। मृतक राकेश कुमार उर्फ बबलू गांव कामराजपुर, थाना नांगल के निवासी थे। वे राजमिस्त्री का काम करते थे और उनके चार बच्चे हैं, जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। परिवार को जैसे ही हादसे की खबर मिली, उनमें शोक छा गया।

## श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम के तत्वाधान में नव वर्ष में काव्य संध्या का आयोजन

**हापुड़** जनपद के पिलखुवा, अयोध्याध, श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम अम्बेडकरनगर इकाई द्वारा नये वर्ष के उपलक्ष्य पर विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया।मंच को सुशोभित किया देश के जाने माने वरिष्ठ कवि अशोक गोयल ‟चक्रवर्ती ‟ व विशिष्ठ अतिथि रूप में राष्ट्रीय प्रभारी कवयित्री बीना गोयल ने। कार्यक्रम में देश के एक से बढ़कर एक कवि, गीतकार गजलकार एवं शायरों ने अपने अदभुत अंदाज में रचनाएं पढ़कर मंच को शोभायमान किया और सम्पूर्ण समाज एवं जनमानस को एकता ,सद्भाव एवं प्रेम से मिलजुलकर एकसाथ रहकर नये आयाम गढ़ने तथा नये वर्ष में नयी कीर्ति स्थापित करने की प्रेरणा दी। इस भव्य कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल ‟चक्रवर्ती‟ ने की और संचालन कवि रामवृक्ष बहादुरपुरी का रहा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत: शव की शिनाख्त हुई, मामले की जांच जारी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** स्योहारा में थाना कार्यालय के पास गुरुवार रात मिले एक अज्ञात शव की शिनाख्त हो गई है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मुरादाबाद निवासी विशाल पुत्र ललतू सिंह के रूप में हुई है और प्रारंभिक जांच में उसकी मौत का कारण सड़क दुर्घटना बताया जा रहा है। यह घटना गुरुवार रात की है, जब किसान सेवा सहकारी समिति के सामने एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर स्योहारा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे भी सीएचसी पहुंचे और पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि बाद में मृतक की शिनाख्त ग्राम बहादरपुर नयागांव, थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद निवासी विशाल पुत्र ललतू सिंह के रूप में पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विशाल की मौत सड़क दुर्घटना के कारण हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने यह भी बताया कि मौत के वास्तविक कारणों की पूरी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। फिलहाल, पुलिस इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है और सभी संबंधित पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है

# अगौता थाना प्रागंण में समाधान दिवस पर डीएम एसएसपी ने सुनी जनसमस्याएं

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** अगौता शनिवार को थाना प्रागंण में समाधान दिवस के अवसर पर डीएम एसएसपी ने जन समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के दिशा निर्देश दिए। पूरे उत्तर प्रदेश के थानों में सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमे जनता अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अधिकतम समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जाता है शनिवार को अगौता थाने में बुलंदशहर जिलाधिकारी श्रुति व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जन समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में कुल पांच शिकायतें आई, जिसमें एक शिकायतकर्ता सरवर पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम अहमदपुर टांडा की आबादी जमीन विवाद मामले मे एसडीएम द्वारा आवश्यक कागजी कार्रवाई कर मौके पर ही निस्तारण किया गया व बाकी सभी चार शिकायतों को सुनकर डीएम एसएसपी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर जल्द से जल्द निस्तारण करने को कहा। डीएम व एसएसपी ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को कोई भी शिकायत है तो वो सीधे समाधान दिवस में थाना प्रागंण में प्रस्तुत होकर अपनी शिकायत को अधिकारियों के समक्ष रखकर समाधान करा सकते हैं सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा।

# युवा अधिवक्ता फईम खान ने अकइए- परीक्षा उत्तीर्ण कर बिजनौर का नाम रोशन किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**स्योहारा।** स्योहारा क्षेत्र के युवा अधिवक्ता फईम खान ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (अकइए-) की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और स्थानीय बार एसोसिएशन में खुशी है, बल्कि डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बिजनौर का मान भी बढ़ा है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (इउक) द्वारा 30 नवंबर 2025 को आयोजित इस परीक्षा के परिणाम 7 जनवरी 2026 को घोषित किए गए। देशभर से लाखों उम्मीदवारों ने भाग लेने वाली इस परीक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 69.21 रहा। फईम खान ने कड़ी मेहनत और लगन से यह चुनौतीपूर्ण परीक्षा पास की। बिजनौर जिला न्यायालय में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे फईम खान की इस सफलता पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने हार्दिक बधाई दी है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ‟फईम खान जैसे युवा प्रतिभाशाली अधिवक्ता हमारे क्षेत्र की शान है फईम खान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने कहा, ‟यह सफलता मेरे लिए नई शुरूआत है। मैं आगे भी न्याय व्यवस्था में ईमानदारी से योगदान दूंगा और क्षेत्र के लोगों की सेवा करूंगा।



## साइबर जालसाज ने एप के माध्यम से युवक के खाते से 17 लाख का किया जालसाजी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव निवासी विशाल नामक युवक के साथ साइबर जालसाजों ने धोखाधड़ी कर एक महीने के अंदर 17 लाख रुपया एप के माध्यम से इन्वेस्टमेंट करने का झांसा देकर जालसाजी कर लिया।पीड़ित द्वारा शनिवार को मिजार्मुराद थाने पर अज्ञात जालसाज के खिलाफ तहरीर देकर गुहार लगाया कि जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जाए और पैसा वापस दिलवाया जाएं। वही साइबर क्राइम के प्रति जनता को जागरूक किए जाने के बावजूद ठगी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव निवासी पीड़ित विशाल ने बताया कि बीते एक महीने पूर्व इंस्ट्राग्राम पर एक युवक से दोस्ती हुई और हर दिन किसी न किसी बात को लेकर हम दोनों में बातचीत चालू हो गया।

# तीन युवकों को गिरफ्तार कर जूता व्यापारी की दुकान में हुई चोरी का सफल आवरण

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** नगीना के प्रसिद्ध जूता व्यापारी की दुकान से रोशनदान के एग्जास्ट फैन को तोड़कर दुस्साहसिक तरीके से सत्तर हजार रुपए की चोरी के मामले में नगीना पुलिस ने चोरी के रुपयों के साथ एक बाल अपचारी समेत तीन युवकों को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया है जिसकी क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। नगीना के अतिव्यस्त एवं सुरक्षित माने जाने वाले मोहल्ला मंडी मौलगंज में स्टेट बैंक के पास मोहल्ला मानक चंद निवासी मनोज अग्रवाल पुत्र स्व जितेंद्र कुमार की जूतों की होलसेल की दुकान है जिसमें 4/5 जनवरी 2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों ने दुस्साहसिक तरीके से रोशनदान के एग्जास्ट फैन को तोड़कर दुकान में रखे सत्तर हजार रुपए चोरी कर लिए थे। व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए थाना प्रभारी अवनीत मान ने इस घटना को चैलेंज की तरह लेते हुए पुलिस टीम का गठन कर सुरागरसी शुरू कर दी थी। नगीना पुलिस के एसआई रामचंद्र सिंह व उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी व अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर स्थानीय मोहल्ला जोशियान निवासी अभिषेक उर्फ लब्बू पुत्र रविन्द्र, लक्ष्य पुत्र कुलदीप जोशी व अंकित पुत्र फूलमेघराज उर्फ छोटे निवासी ग्राम फतेहपुर थाना नगीना तथा एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया।

# लखनऊ के भव्य मंच पर सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजेता विजयता सच्चदेवा ने की शिरकत कर बिखेरा जलवा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** लखनऊ में ऑगेनाईजर मल्लिका ए अवध व गर्व फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य सेलिब्रिटी टॉक शो सीजन 38 व प्लास्टिक फ्री इंडिया का आयोजन में मिसेज एशिया 2022 की विजेता एवं वाराणसी की गौरवशाली बेटी विजयता सच्चदेवा का प्रभावशाली जलवा देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित सेलिब्रिटीज 2022 की मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा टीवी एक्टर्स चाहत पाण्डेय एवं नवीना बोले ओर चीफ गेस्ट राहुल गुप्ता व अध्यक्ष अनुपम तिवारी सहित सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। इस अवसर पर सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा को कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री चाहत पाण्डेय ने उन्हें क्राउन पहनाकर सम्मानित किया, जो उनके लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण रहा। वहीं सेलेब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा व सेलिब्रिटी नवीना बोले ने ह्लप्लास्टिक फ्री इंडियाह्व अभियान के समर्थन में एक साथ रैंप वॉक कर पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के बहिष्कार का सशक्त संदेश समाज को दिया। आयोजन में सेलिब्रिटी मैसेज एशिया विजेता सच्चदेवा ने बच्चों को सम्मानित किया। इसी मंच से सेलिब्रिटी गेस्ट व समाज सेविका के रूप से सदैव जुड़ी रहने वाली सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा को अपना तथा उनके द्वारा चयनित टी.टी.एफ. फाउंडेशन के बच्चों के कैलेंडर का शुभारंभ करने का अवसर भी मिला, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने आयोजक मल्लिका-ए-अवध ऑगेनाईजेशन की श्वेता तिवारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव और नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सेलेब्रिटी चाहत पाण्डेय ने कहा कि विजयता सच्चदेवा जी नारी सशक्तिकरण और सामाजिक चेतना की सशक्त प्रतीक हैं। वहीं सेलिब्रिटी नवीना बोले ने ह्यप्लास्टिक फ्री इंडिया जैसे अभियान से उनके जुड़ाव को सराहनीय बताया। आयोजक श्वेता तिवारी ने कहा कि सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने अपनी उपलब्धियों से न केवल वाराणसी, बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है।

## चलती कार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बाल-बाल बचे आरटीओ और चालक

**बरेली।** आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा की कार में शुक्रवार रात श्यामगंज पुल के पास शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे में आरटीओ व उनका ड्राइवर बाल-बाल बचे। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा के साथ अनुबंध पर लगी इनोवा क्रिस्टा कार से वह आईवीआरआई से घर जा रहे थे। श्यामगंज पुल से पहले तहसीनी मजार के पास अचानक उनकी कार के इंजन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं निकलता देख चालक ने सड़क किनारे तुरंत कार रोक दी। दोनों लोग कार से बाहर आ गए। घटना से सड़क पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। थोड़ी देर के लिए मार्ग पर अवरोध लगा जिसे पुलिस ने तत्काल दुरुस्त करा दिया।

कार को क्रेन से सुरक्षित स्थान पर भिजवा दिया गया। मौके पर सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव पहुंच गए और आरटीओ को अपनी कार से उनके आवास पर पहुंचाया।

# डीएम की सख्त मॉनिटरिंग का असर, सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली बना प्रदेश का नंबर वन जिला

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** प्रदेश की प्रगति को परखने वाले सीएम डैशबोर्ड की दिसंबर 2025 की रैंकिंग में बरेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी धाक जमा दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी रैंकिंग में बरेली ने विकास और राजस्व कार्यों की संयुक्त श्रेणी में पहला स्थान हासिल कर लिया है। यह सफलता सिर्फ कागजी आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि धरातल पर दिख रहे काम का नतीजा मानी जा रही है। सीएम डैशबोर्ड वह मंच है, जहां सरकार की तमाम योजनाओं और परियोजनाओं की हकीकत हर महीने सामने आती है। सड़क, आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर राजस्व वसूली तक, हर विभाग की कार्यप्रणाली की यहां कड़ी समीक्षा होती है। दिसंबर माह की इस परीक्षा में बरेली ने कई बड़े और स्थापित जिलों को पीछे छोड़ते हुए टॉप रैंक हासिल की। इस बड़ी उपलब्धि के पीछे जिलाधिकारी अविनाश सिंह की सक्रिय कार्यशैली और सख्त निगरानी को सबसे अहम कारण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार अब योजनाओं की फाइलें दफ्तरों में अटकने के बजाय तय समयसीमा में जमीन पर उतर रही हैं। नियमित समीक्षा बैठकों और स्पष्ट निर्देशों ने अफसरों की जवाबदेही तय की, जिसका सीधा असर परिणामों में दिखाई दिया। रैंकिंग के आंकड़ों पर नजर डालें तो विकास कार्यक्रमों में बरेली को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला, जबकि राजस्व कार्यक्रमों में जिला तीसरे नंबर पर रहा। लेकिन जब दोनों क्षेत्रों के प्रदर्शन को मिलाकर ओवरऑल रैंकिंग तैयार की गई, तो बरेली ने सभी जिलों को पछाड़ते हुए प्रदेश में पहला स्थान अपने नाम कर लिया। जिले में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी विकास कार्यों की रफ्तार तेज हुई है। वहीं राजस्व मामलों में लंबे समय से लंबित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण हुआ, जिससे जिले की स्थिति और मजबूत हुई। यही वजह रही कि सीएम डैशबोर्ड पर बरेली का प्रदर्शन ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ता चला गया। प्रदेश में नंबर वन बनने पर जिलाधिकारी ने जिले की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने साफ कहा कि यह मुकाम अंतिम नहीं है और आने वाले समय में भी इसी गति और ईमानदारी से काम जारी रखना होगा। सीएम डैशबोर्ड की यह रैंकिंग एक बार फिर साबित करती है कि मजबूत नेतृत्व और सख्त अमल से बरेली जैसे जिले प्रदेश के लिए मिसाल बन सकते हैं।

# समाधान दिवस पर उसका थाने पर डीएम एसपी ने सुनी समस्याएं

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** थाना उसका बाजार परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले शिकायत कताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा सुना गया। जिलाधिकारी ने समस्त राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं, उनका मौके पर जाकर सही ढंग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को शिकायतकर्ता की उपस्थिति में निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण करायें, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करे। जो भी प्रकरण आये है उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी/कर्मचारी करायेंगे। वहीं थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक संयुक्त रुप में गरीब/असहाय व्यक्तियों में कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष उसका बाजार, राजस्व निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहीं।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



वेलकम इण्डियाअसदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उसका बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पंजीकरण कक्ष, पूछताछ केन्द्र, दवा वितरण कक्ष को देखा। शनिवार को ओपीडी में 68 मरीज आये थे। पैथॉलाजी में 08 मरीज आये थे। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन फ्रीज बन्द पाया जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। निरीक्षण के दौरान एमओआईसी अनुपस्थित पाये गये। डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जनऔषधि केन्द्र में दवा वितरण नही हो रहा था और सिर्फ 02 लोगो को दवा दिया गया था। डीएम ने निर्देश दिया कि 24 घन्टे स्वास्थ्य केन्द्र खुला रहना चाहिए। डीएम ने औषधि भण्डार कक्ष को देखा।

# कटान स्थलों पर 4 करोड़ 67 लाख रुपए से होगा बचाव कार्य-विधायक श्यामधनी राही

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु विधानसभा(नौगढ़) क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित जोगिया ब्लॉक क्षेत्र में कटान स्थलों पर बचाव कार्य के लिए 4 करोड़.67 लाख 56 रुपये शासन से स्वीकृत हुए हैं। इसके तहत राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित भवारी गायघाट अजगरा बांध के मध्य कटाव निरोधक कार्य और ग्राम अमरिया के टोला संगलदीप के सुरक्षा के लिए कटाव निरोधक कार्य होने है।

यह जानकारी विधायक श्यामधनी राही ने दी है। बता दें कि बाढ़ प्रभावित इस जिले में जोगिया ब्लॉक क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा राप्ती एवं बूढ़ी राप्ती नदी से घिरा है। बारिश के मौसम में इन नदियों का जलस्तर बढ़ने से किनारे पर कटान से आसपास के गांव में मकान एवं खेत कटकर नदियों में विलीन हो रहे हैं। साथ ही बांध के कटकर टूटने से सैकड़ों गांव जलमग्न हो जाते हैं। इन स्थलों पर बचाव कार्य कराने के लिए ग्रामीण लगातार मांग कर रहे थे। शासन से इन स्थलों पर बचाव कार्य कराने की स्वीकृति मिलने पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिंचाई विभाग द्वारा यह स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा और स्थानीय जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

# क्षेत्राधिकारी धनघटा ने थाना महुली पर नवनिर्मित होमगार्ड कक्ष का फीता काटकर किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्र ने थाना महुली परिसर में नवनिर्मित होमगार्ड कक्ष का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी ने होमगार्ड कक्ष का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी धनघटा ने कहा कि नवनिर्मित कक्ष से होमगार्ड जवानों के प्रशिक्षण, क्षमता विकास एवं अनुशासन को और अधिक मजबूती मिलेगी, जिससे वे कानून-व्यवस्था एवं आपदा प्रबंधन में और बेहतर योगदान दे सकेंगे। कार्यक्रम में होमगार्ड विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जवान उपस्थित रहे। उद्घाटन के उपरांत सभी को बेहतर प्रशिक्षण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष श्री रजनीश राय व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बस्ती मंडल को मिली बड़ी सौगात, जामिया हमदर्द का स्टडी सेंटर बना ताहिरा हॉस्पिटल बस्ती

परवेज अख्तर/ वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बस्ती मंडल को जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी ने बड़ी सौगात दी है। देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी जामिया हमदर्द नई दिल्ली के द्वारा ताहिरा हॉस्पिटल बस्ती को एक नहीं बल्कि अनेक डिप्लोमा कोर्स के रूप में उपहार दिए हैं। अब बस्ती मंडल के छात्रों को डायलिसिस टेक्नीक्स, मेडिकल लेबोरेटरी, मेडिकल इमेजिंग टेक्नोलॉजी, आपथलमोलोजी टेक्नीशियन, ओटी एंड एनेस्थीसिया, इमरजेंसी ट्रॉमा केयर टेक्निशियन और कार्डियोलोजी एंड लेबोरेटरी टैक्नीशियन में डिप्लोमा कोर्स के लिए दिल्ली अथवा अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। अब जामिया हमदर्द विश्विद्यालय के ये सभी डिप्लोमा कोर्स ताहिरा हॉस्पिटल स्टेशन रोड बस्ती में बहुत कम शुल्क के साथ उपलब्ध हैं।



वरिष्ठ समाजसेवी जुबेर अहमद, डॉ. सुहेल अहमद और शोएब अहमद नदवी के अथक प्रयासों से बस्ती मण्डल को यह सुनहरा अवसर मिला है। अब मेडिकल कोर्स के लिए बस्ती मण्डल के तीनों जनपदों बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के लोगों को दिल्ली या शहरों की तरफ जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

समाजसेवी शोएब अहमद नदवी ने कहा कि ह्लचिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विषयों पर ताहिरा हॉस्पिटल को सर्टिफिकेट (मान्यता प्रमाण पत्र) का हसीन तोहफा दिया। जो कि संपूर्ण बस्ती मंडल के लिए एक बहुत बड़ा उपहार है। प्रदत्त इस उपहार पर क्षेत्र की जनता में काफी प्रसन्नता है।

उक्त कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## नायब तहसीलदार की अध्यक्षता मे थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**सिद्धार्थनगर।** थाना चिल्हियां प्रांगण में शनिवार को नायब तहसीलदार महबूब अंसारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग से सम्बम्धित रहे। राजस्व समेत विभिन्न मामलों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित कर्मियों को निर्देश दिया गया। नायब तहसीलदार महबूब अंसारी ने कहा कि चुनावी सत्र चल रहा है। सभी राजस्व निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, कोटेदार और बीडीसी आदि से लगातार सम्पर्क में रहे। क्षेत्र की छोटी से छोटी घटनाओं पर सबकी नजर रहनी चाहिए ताकि वह छोटी घटना बड़ी घटना न होने पाये और समय रहते ही उन समस्याओं का त्वरित समाधान कर दिया जायें।

# थाना महुली पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व धनघटा अभयनाथ मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थाना महुली उ0नि0 अजीत प्रताप सिंह, का0 अरविन्द यादव, म0का0 पूजा चौहान ने मु0अ0सं0 482/25 धारा 87/137(2) बीएनएस थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त अरविन्द पुत्र ईश्वरचन्द निवासी सोनाड़ी हैसर थाना धनघटा को शनिवार को सरैया पाइपास के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 18.12.2025 को थाना महुली पर वादिनी की पुत्री को उक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

थाना महुली पुलिस ने साक्ष्य संकलन के आधार पर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनाँक 10.01.2026 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया तथा अपहृता को बरामद किया गया।

# थाना जहांगीरपुरी के झपटमारी के मामले का खुलासा, शिकायतकर्ता का झपटा हुआ मोबाइल फोन बरामद

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली:** थाना जहांगीरपुरी की टीम ने सफलतापूर्वक एक झपटमार को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान अकबर पुत्र अनवर अंसारी, निवासी जहांगीरपुरी, दिल्ली, उम्र लगभग 30 वर्ष के रूप में हुई है तथा उसके कब्जे से शिकायतकर्ता का झपटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी अकबर पूर्व में झपटमारी व चोरी के 11 आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया है तथा वह आसान पैसे की लालसा में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। दिनांक 06.01.2026 को थाना जहांगीरपुरी में झपटमारी की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस स्टाफ तुरंत मौके पर पहुँचा, अर्थात सीडी पार्क झुग्गी के पास, जल बोर्ड के नजदीक, जहांगीरपुरी, जहाँ शिकायतकर्ता सुश्री मोहिनी पुत्री अनिल कुमार, निवासी जहांगीरपुरी, दिल्ली से मुलाकात की गई। उनका बयान दर्ज किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि दिनांक 06.01.2026 को लगभग रात्रि 09:00 बजे, जब वह मॉडल टाउन स्थित अपने कार्यस्थल से घर लौट रही थीं, तभी एक अज्ञात लड़का पीछे से आया और उनका मोबाइल फोन (रियलमी ढ-3) झपटकर पास की झुग्गियों की ओर फरार हो गया। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर थाना जहांगीरपुरी में एफआईआर संख्या 05/26, दिनांक 07.01.26, धारा 304(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। अपराध की गंभीरता एवं घटना की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए थाना जहांगीरपुरी की एक समर्पित टीम का गठन किया गया, जिसमें हेड कांस्टेबल रविंद्र, हेड कांस्टेबल नित्यानंद, हेड कांस्टेबल नवीन, हेड कांस्टेबल दिनेश, कांस्टेबल अनिल एवं कांस्टेबल भीमराज शामिल थे।

# चाइनीज मंझे के साथ एक गिरफ्तार, 43 बंडल बड़ा व 4 बंडल छोटा मंझा बरामद

संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार की रात प्रतिबंधित चाइनीज मंझे के साथ कछवांरोड से एक दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया।

मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल पुलिस टीम के साथ कछवांरोड चौराहे पर गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि कछवां बाजार जाने वाले मार्ग पर एक दुकानदार चाइनीज मंझा बेच रहा है। जिसपर चौकी प्रभारी टीम के साथ घेराबंदी कर ठठरा गांव निवासी पतंग का दुकान चलाने वाले दुकानदार जियूतलाल गुप्ता को गिरफ्तार करते हुए दुकान से प्रतिबंधित 43 बंडल बड़ा चाइनीज मंझा व 4 बंडल छोटा मंझा, मंझा लपेटने वाली एक मशीन व एक मंझा तोलने वाला मशीन बरामद कर लिया। मिजार्मुराद पुलिस गिरफ्तार दुकानदार के खिलाफ धारा 223,293,125 एवं 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल, एसआई रामचन्द्र यादव, एसआई मुन्ना लाल दूबे समेत अन्य लोग रहे।

# भाजपा ने मनाया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** 1026 में मोहम्मद गजनी ने सोमनाथ मंदिर में आक्रमण कर मंदिर को ध्वस्त कर दिया था उसके 1000 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी परिवार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाने का संकल्प लिया। भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी की अध्यक्षता में बीजेपी कार्यकताओं ने बागनाथ मंदिर में ऊं नमो शिवाय का जप किया है। भाजपाई नेताओं ने कहा कि सोमनाथ मंदिर 1000 वर्ष के बावजूद भी मंदिर अपनी सभ्यता एवं दिव्यता के साथ खड़ा है। भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहारने कहा कि सोमनाथ मंदिरके वैभव को पुन स्थापित करने के लिए निरंतर एवं सामूहिक प्रयास किए जा रहे है। मंदिर निर्माण को 75 वर्ष पूरे होने को है इसी इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी शिवालयों में ओमकार मंत्र का जाप किया जा रहा है। साथ ही सोमनाथ मंदिर की अखंडता को अडिग रखने के लिए भाजपा परिवार द्वारा प्रदेश के सभी शिवालयों में प्रार्थना एवं संकल्प लिया गया है। बागेश्वर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा बागनाथ मंदिर में इसका जाप किया गया। कार्यक्रम में विधायक पार्वती दास, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, पूर्व जिपं अध्यक्ष दीपा आर्य, मीडिया प्रभारी प्रकाश साह, जीवंती कांडपाल, हरीश सोनी, खड़क सिंह दफौटी, पंकज मेहता, मनोज बचखेती एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 14 से 20 जनवरी तक भव्यता से आयोजित होगा उत्तरायणी मेला

वेलकम इंडिया



**कपकोट**, शेर सिंह ऐठानी, कपकोट के केदारी बगड़ में आयोजित होने वाला उत्तरायणी मेला भव्यता से आयोजित होगा। नगर पंचायत कपकोट के तत्वाधान में इस बार मेला चार दिवसीय होगा। मेले में मीट मांस के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध किया गया है ।मेले की तैयारियों को लेकर क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया व नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही मेले के भव्य आयोजन और व्यवसायिक पंडाल, कार्यक्रम स्थल, मेलार्थियों के बैठने का स्थान, सहित सरयू नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्नानागार, बायो शौचालय की उचित व्यवस्था, सहित अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया ।मेलाध्यक्ष गीता ऐठानी ने विधायक सुरेश गढ़िया के साथमेले के भव्य आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की ।साथ ही बताया कि मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बताया कि सबसे पहले भराड़ी बाजार में आयोजित होने वाले दंगल की तैयारियों को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। निरीक्षण के दौरान मां बाराही मंदिर में मुख्य संस्कृत मंच को देखा। यूको बैंक के पास लगने वाले दुकानों की व्यवास्था देखी। नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने कहा केदारेश्वर मैदान से कपकोट बाजार होते हुए पुल बाजार भराड़ी बाजार होते हुए सांस्कृतिक मंच तक झांकी निकाली जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी मेले का शुभारंभ करेंगे। विशिष्ट अथिति के रूप में विधायक सुरेश गढ़िया अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस मौके पर एसडीएम कपकोट अनिल चिनियाल, ईओ बलवंत सिंह रावत, दयाल सिंह ऐठानी, ओम प्रकाश ऐठानी, चंपा देवी, भुवन गढ़िया, हरीश ऐठानी, खीम सिंह ऐठानी आदि मौजूद रहे।

## जूनियर नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप में चमका हरसौली का सैम

**बुढ़ाना मोड़।** 69 वीं जूनियर नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप अंडर 14 छात्र वर्ग हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में आयोजित की गई। इसमें प्रतिभाग करते हुए क्षेत्र के गांव हरसौली निवासी वॉलीबाल खिलाड़ी सैम चौधरी ने उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए अपना शानदार प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश की टीम चैंपियन बनी। गांव में पहुंचने पर खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया गया। सैम चौधरी स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर के छात्र है।उसने बताया कि प्रतियोगिता में दो दर्जन से भी अधिक टीमों ने भाग लिया। शुक्रवार को खेले गए फाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम ने उत्तराखंड को हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। इससे पहले भी वह राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं।उसके पिता साजिद चौधरी किसान है।खिलाड़ी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। गांव में मिठाई वितरित की गई।

# पति को इंसाफ के लिए सुप्रीम कोर्ट में जंग लड़ रहीं रचना यादव को दरिंदों ने मार डाला

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली:** दिल्ली में दिनदहाड़े सनसनीखेज मर्डर की घटना सामने आई है.थाना शालीमार बाग इलाके में युवती की गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है. मृतक की पहचान रचना यादव के रूप में हुई है. जिनके पति की भी कुछ साल पहले बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. रचना यादव अपने पति के केस को मजबूती से लड़ते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची थीं. कुछ बदमाश अब तक पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे थे, जिन पर हत?या का शक जताया जा रहा है.मृतक महिला की बेटी ने कहा, 'मेरे पापा का केस गवाही पर आ गया था. मेरी मम्मी केस में गवाह थीं. मेरे पापा के केस में 6 कातिल थे, उनमें से एक सरगना भलस्वा का अभी भी गिरफ्तार नहीं हुआ था, वह फरार है. उन्होंने मुखबारी करके मेरी मम्मी को मार दिया है. मेरे पापा और मेरी मम्मी के कातिलों को सख्त से सख्त सजा दी जाए. रचना यादव की बेटी रोते-बिलखते हुए कहा, 'मैं कोर्ट से अपील करती हूं कि मेरे मां और पापा को इंसाफ दिलाएं. कातिलों को फांसी की सजा दे.' देश की राजधानी दिल्ली में दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके दहशत फैल गई है. शालीमार बाग थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. इलाके के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है, ताकि हत्यारों तक पहुंचा जा सके. बताया जा रहा है कि मृतका रचना यादव की दो बेटियां हैं. एक बेटी की शादी हो चुकी है और दूसरी बेटी स्कूल में पढ़ाई करती है. अब नाबालिग बेटी भी दशहत में है, क्योंकि उसके माता-पिता के हत्यारे अब भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं.ऊउढ नॉर्थ वेस्ट दिल्ली भीष्म सिंह ने बताया, '11 बजे पीसीआर पर कॉल आई थी कि एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. महिला पड़ोस से लौट रही थी।

## मारवाड़ी यूनिवर्सिटी करेगी वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** वाइब्रेंट गुजरात की सफलता को आगे बढ़ाते हुए मारवाड़ी यूनिवर्सिटी वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी करने जा रही है। गुजरात सरकार द्वारा आयोजित यह कॉन्फ्रेंस 11 से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। सौराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे गुजरात को शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से, यूनिवर्सिटी ने शिक्षा विभाग, गुजरात सरकार को 1,000 करोड़ के निवेश का एमओयू प्रस्ताव सौंपा है।

वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के आयोजन को लेकर, ध्रुव मारवाड़ी, ट्रस्टी, मारवाड़ी यूनिवर्सिटी ने कहा कच्छ-सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी करना हमारे लिए गर्व की बात है नवाचार, उद्योग सहभागिता और कौशल विकास से जुड़ा संस्थान होने के नाते, हम स्थानीय उद्यमों, स्टार्ट-अप्स, सरकारी संस्थाओं और वैश्विक निवेशकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने का एक मजबूत मंच प्रदान कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य गुजरात की विकास गाथा को निरंतर आगे बढ़ाना और विकसित भारत के विजन में योगदान देना है ।ह्व मारवाड़ी यूनिवर्सिटी के प्रोवोस्ट आर.बी. जडेजा,, ने कहा हमें गुजरात की प्रगति और विकसित भारत/2047 के व्यापक विजन में योगदान देने पर गर्व है। वीजीआरसी स्थानीय क्षमताओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने की सच्ची भावना को दशार्ता है। इस आयोजन की मेजबानी करना इन सेतुओं को मजबूत करने और गुजरात को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी एवं समावेशी विकास इंजन के रूप में स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता है।

# नगर पालिका में ऑडियो-वीडियो विवाद, संविदा कर्मी ने मांगी सार्वजनिक माफी, कर्मचारियों का प्रदर्शन समाप्त

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** नगर पालिका परिषद में तैनात एक संविदा कर्मचारी द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किए गए ऑडियो व वीडियो को लेकर उपजा विवाद शनिवार को शांत हो गया। कस्बा निवासी संविदा कर्मचारी नदीम ने दो दिन पूर्व एक ऑडियो व वीडियो वायरल कर पालिका के एक बाबू पर पीएफ रोकने, वेतन समय पर न देने और अभद्रता करने के आरोप लगाए थे ।मामले को लेकर शनिवार को नगर पालिका परिषद के दर्जनों कर्मचारी बाबू के समर्थन में उतर आए। कर्मचारियों ने पालिका परिसर में हंगामा-प्रदर्शन करते हुए संविदा कर्मचारी पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया और उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि उनका वेतन समय पर मिल रहा है और पीएफ सहारनपुर निवासी ठेकेदार के खाते में जा चुका है ।कर्मचारियों के दबाव के बीच संविदा कर्मचारी नदीम ने सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांग ली, जिसके बाद हंगामा-प्रदर्शन समाप्त हो गया।इस दौरान गुलजार मलिक, सतीश, बिलाल, साजिद, अकरम, राशिद बैग, एहसान, हारून, शिवम, नौशाद आदि कर्मचारी मौजूद रहे ।वहीं, पालिका लिपिक अशोक कुमार ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से ऑडियो को एडिट कर वायरल किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कर्मचारी को हटाने या नियुक्त करने का अधिकार उनके पास नहीं है और संविदा कर्मचारी द्वारा स्वयं माफी मांग लेने से यह स्पष्ट हो गया है कि लगाए गए आरोप निराधार थे।

# डीआईजी शैलेश पांडेय ने किए दाऊजी महाराज के दर्शन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/बलदेव।** डीआईजी आगरा शैलेश पांडेय ने दाऊजी पहुंच कर ब्रज के राजा दाऊजी महाराज व माता रेवती जी के दर्शन किए। इस अवसर पर बलभद्र पीठाधीश्वर आचार्य विष्णु महाराज ने डीआईजी शैलेश पांडेय को देहरी पूजन कराया ।आचार्य विष्णु महाराज ने श्री पांडेय को दाऊजी मंदिर के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। इस अवसर पर सेवायत राजाराम पांडेय गुरु जी, गौरी पांडेय, पवन पांडेय, जितेंद्र पांडेय, राम अग्रवाल आदि ने डीआईजी शैलेश पांडेय को दाऊजी महाराज की प्रसादी फरिया, प्रसाद भेंट किया।

## विद्यार्थियों को नियमों की पालना के लिए शिक्षक प्रेरित करें -श्रीकांत कुमावत




वेलकम इंडिया

**धौलपुर।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बाड़ी में चल रहे, शिक्षक दक्ष प्रशिक्षण शिविर में जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थी के भविष्य का निर्धारण करते हैं। वह समाज को नई रोशनी दिखाने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि अपने छात्रों को यातायात नियमों की पालना के लिए नियमित प्रेरित करेंगे तो छात्र यातायात नियमों की जरूर पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र के जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विभिन्न आयोजनों के माध्यम से यातायात नियमों की जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का है। शिक्षक वर्ग इसमें महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाएं। पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने कहा कि यदि शिक्षक विद्यालय में - नो हेलमेट नो एंट्री का कड़ाई से पालन करें, तो आने वाले समय में सभी यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कर सकते है। उन्होंने कहा कि यदि आप मात्र चालान से बचने के लिए यातायात नियमों की पालना कर रहे हैं तो आप अपने जीवन के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ कर रहे है।उन्होंने कहा कि बाड़ी में यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार समझाइश अभियान चलाया जा रहा है और चालान की कार्रवाई भी की जा रही है मगर फिर भी लोग यातायात नियमों का नियमित रूप से पालन नहीं कर रहे।उन्होंने कहा कि शिक्षक नियमों की पालना करने में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। हमारे द्वारा आपके बीच इस आयोजन को करने का उद्देश्य यही है कि आप अपने विद्यार्थियों को नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें।

# सुनार के साथ हुई लूट का खुलासा, एक बदमाश गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** थाना क्षेत्र के इस्लामपुर घसौली मार्ग पर एक माह पूर्व सुनार के साथ हुई लूट का पुलिस ने खुलासा किया है।? पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से अवैध तमंचा जिंदा कारतूस नगदी सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।पुलिस पकड़े गए बदमाश के फरार साथियों की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्र के गांव अंबेहटा तिराहे पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।इसी बीच पुलिस को एक बाइक पर एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया।पुलिस ने युवक को रोकने का इशारा किया तो युवक ने बाइक की गति बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा कर बाइक सवार को हिरासत में ले लिया, और थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अमित पुत्र कैलाश निवासी कस्बा एलम बताया है। आरोपी ने बताया कि उसने एक माह पूर्व अपने साथी सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू पुत्र हाकम निवासी मेवला भट्टी थाना लोनी गाजियाबाद, गौरव पुत्र हरवीर निवासी निवाली थाना कोतवाली बागपत, विकास पत्र लखमीचंद ग्राम संतोषपुर थाना कोतवाली बागपत के साथ मिलकर ग्राम इस्लामपुर घसौली में सुनार की दुकान करने वाले ओमवीर के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था।

## एसएसपी के निर्देशन में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली में बुलंदशहर पुलिस को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

बुलंदशहर माह दिसम्बर में कऋफर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जनपद बुलंदशहर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। कऋफर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनपद के विभिन्न थाने क्रमशः कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, महिला थाना, औरंगाबाद, सिकन्द्राबाद, गुलावठी, चोला, ककोड़, स्याना, नरसेना, बीबीनगर, खुर्जा नगर, खुर्जा देहात, अरनिया, जहांगीरपुर, शिकारपुर, पहासू, अनूपशहर, अहार, जहांगीराबाद, डिबाई, छतारी, नरौरा, रामघाट (कुल-24 थाने ) शीर्ष रैंक पर रहे हैं तथा शेष थानों को अपेक्षित सुधार के लिए निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा इस उपलब्धि के लिए समस्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनसेवा, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, तीन लोग गंभीर घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शनिवार को जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी मोहम्मद मुगीस अपने साथी उबैर के साथ बाइक से कस्बे से अपने गांव लौट रहा था।जैसे ही दोनों गांव भभीसा के निकट पहुंचे, तभी बुढ़ाना की ओर से आ रहे बाइक सवार सुनील निवासी ग्राम डागरोल से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग घायल हो गए ।घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया ।समाचार लिखे जाने तक मामले में किसी भी पक्ष की ओर से थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पालिका में ऑडियो-वीडियो विवाद, ठेका कर्मी ने मांगी सार्वजनिक माफी, कर्मचारियों का प्रदर्शन समाप्त

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** नगर पालिका परिषद में तैनात एक ठेका कर्मचारी द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किए गए ऑडियो व वीडियो को लेकर उपजा विवाद शनिवार को शांत हो गया। कस्बा निवासी ठेका कर्मचारी नदीम ने दो दिन पूर्व एक ऑडियो व वीडियो वायरल कर पालिका के एक बाबू पर पीएफ रोकने, वेतन समय पर न देने और अभद्रता करने के आरोप लगाए थे ।मामले को लेकर शनिवार को नगर पालिका परिषद के दर्जनों कर्मचारी बाबू के समर्थन में उतर आए। कर्मचारियों ने पालिका परिसर में हंगामा-प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया और उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि उनका वेतन समय पर मिल रहा है और पीएफ सहारनपुर निवासी ठेकेदार के खाते में जा चुका है ।कर्मचारियों के दबाव के बीच ठेका कर्मचारी नदीम ने सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांग ली, जिसके बाद हंगामा-प्रदर्शन समाप्त हो गया। इस दौरान गुलजार मलिक, सतीश, बिलाल, साजिद, अकरम, राशिद बैग, एहसान, हारून, शिवम, नौशाद आदि कर्मचारी मौजूद रहे ।वहीं, पालिका लिपिक अशोक कुमार ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से ऑडियो को एडिट कर वायरल किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कर्मचारी को हटाने या नियुक्त करने का अधिकार उनके पास नहीं है और संविदा कर्मचारी द्वारा स्वयं माफी मांग लेने से यह स्पष्ट हो गया है कि लगाए गए आरोप निराधार थे।



# विधायक ने महत्वपूर्ण विकास कार्यों का किया विधिवत उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों की श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को ग्राम मुकीमपुर एवं ग्राम अमीपुर में विधायक निधि (वर्ष 2025झ26) से स्वीकृत महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया गया। ग्राम मुकीमपुर में सरकारी रास्ते से रामभूल प्रजापति के मकान तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का मेरे द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस विकास कार्य की अनुमानित लागत 3.10 लाख (जी.एस.टी. सहित) है। इसके उपरांत ग्राम अमीपुर में जीवन सिंह की ट्यूबवेल से नाहली वाले रास्ते तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का भी विधायक निधि (वर्ष 2025झ26) के अंतर्गत फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्य की अनुमानित लागत 10.63 लाख (जी.एस.टी. सहित) है। उद्घाटन के पश्चात विधायक डॉ मंजू शिवाच ने ग्रामवासियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## आई.टी.एस डेंटल कॉलेज ने दिसंबर में 4,500 मरीजों को दिया निःशुल्क दंत उपचार

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर द्वारा दिसंबर 2025 माह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर लगभग 4,500 मरीजों को निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा प्रदान की गई। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, दंत रोगों की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करना तथा समय रहते उपचार उपलब्ध कराना रहा। संस्थान द्वारा जिले के 20 से अधिक क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए गए, जिनमें कलछीना, खेरा, शहीदनगर, गढ़ी-नवादा, आकाश नगर, खदहेड़ा, फर्रुखनगर, विजय नगर, मसूरी, रजापुर, नंदग्राम, भोजपुर, शमशेरपुर, नेहपाल, पंची सहित हाई एंड पैराडाइस, यूनिनव हाइट्स, संगम हाइट्स और चार्म कैसल जैसी आवासीय सोसायटियां भी शामिल रहीं। इन सभी स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने शिविरों का भरपूर लाभ उठाया।

## श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति की नवीन सत्र की प्रथम बैठक में 11 सदस्यीय समिति बनाई गई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति की सत्र की प्रथम बैठक में श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति की नवीन सत्र की प्रथम बैठक में 11 सदस्यीय समिति बनाई गई। प्रदेश चेयरमैन, जिला पालक व मोदीनगर महिला समिति की प्रभारी डा. वर्षा गुप्ता ने बताया कि पिछले कई महीनों से प्रदेश स्तर पर पुनर्गठन का कार्य जोर शोर से चल रहा था। दिसम्बर माह मे इसे अन्तिम रूप दिया गया। मोदीनगर इकाई से भी बोर्ड ग्रुप को खत्म किया गया है। अब समन्वय समिति का गठन किया गया है। ग्यारह सदस्यों की एक समिति बनाई गई है। जिसमे कुछ पुराने कुछ नये व कुछ बिल्कुल ही नये सदस्यों को रखा गया है ।इनमे एकता अग्रवाल, पूनम गर्ग, कल्पना गुप्ता, मुदिता जैन, शालिनी गर्ग, शालू जिन्दल, प्रियंका मोदी, अर्चना गुप्ता, मीनू गोयल व प्रतिभा गर्ग को रखा गया है। संगठन चाहता है सभी की प्रतिभा को सम्मान मिले व नये सदस्य नये विचारों के साथ आगे बढे। समिति की बैठक के उपरान्त सदस्य सीकरी माता के दर्शन को गये जहाँ सभी ने मिलकर चाय सेवा कर सत्र का शुभारम्भ किया।

## रामपुर में नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के अंतर्गत सघन प्रवर्तन कार्यवाही



वेलकम इंडिया गुलजार आलस

**रामपुर।** उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र बरेली केपी गुप्ता तथा संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मुरादाबाद के नेतृत्व में जनपद रामपुर में नो हेलमेट नो फ्यूल एवं प्रेशर हॉर्नए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के संबंध अभियान चलाया गया, जिसमें उप परिवहन आयुक्त के नेतृत्व में वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन राजेश कुमार श्रीवास्तव, यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा की टीम ने जनपद के 07 पेट्रोल पंपों पर जाकर बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल लेने पहुंचने वाले दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट की महत्वता के बारे में अवगत करते हुए उन्हें जागरूक किया गया। इस अभियान में 155 दो पहिया वाहन चालकों के नो हेलमेट में चालान भी किए गए।

उप परिवहन आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों संचालकों को सख्ती से निर्देशित किया जाए कि बिना हेलमेट लगाए आने वाले दो पहिया चालकों को पेट्रोल बिक्री न की जाए।

## दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में कौशल बोध विषय पर कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में कौशल बोध विषय पर एक एक दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों में कौशल आधारित अनुभावात्मक एवं जीवन उपयोगी शिक्षा को प्रभावी रूप से लागू करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य वी. के. राणा जी ने सीबीएसई दिल्ली की संसाधन व्यक्तियों डा. गुरमीत गुप्ता एवं सुश्री साधना चौधरी का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया । अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने कहा कि कौशल बोध एनईपी 2020 एवं एनईपी-एसई 2023 की भावना के अनुरूप एक ऐसी शैक्षिक पहल है जो विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं बल्कि वास्तविक जीवन के लिए आवश्यक कौशलों से सशक्त बनाती है। कार्यशाला के दौरान संसाधन व्यक्तियों द्वारा, गतिविधि आधारित शिक्षण, अनुभावात्मक अधिगम, आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान एवं सम्प्रेक्षण कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रभावी प्रस्तुतीकरण एवं गतिविधियों के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। शिक्षकों को यह स्पष्ट किया गया कि कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, रचनात्मक एवं समस्या समाधान सक्षम नागरिक के रूप में विकसित करने में सहायक है। इस कार्यशाला में लगभग 15 सीबीएसई संबंध विद्यालयों के शिक्षकों ने सहभागिता की, जिसमें डी. पी. एस. मोदीनगर एवं शार्डिन पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर प्रमुख रूप से शामिल रहे। कुल लगभग 60 शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सभी ने कौशल बोध को विद्यालयी शिक्षण- अधिगम प्रक्रिया में एनईपी 2020 एवं एनसीएफ झएसई 2023 के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन डॉ. रश्मि तेवतिया द्वारा किया गया सुश्री रिया भदवार, प्रीति सिंह, सुरभि एवं आयुषी का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ जिनमें समन्वय और सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल की सौंदर्यपूर्ण, सृजनात्मक एवं विषयानुरूप साज-सज्जा आर्ट डिपार्टमेंट द्वारा अत्यंत उत्कृष्ट ढंग से की गई, जिसने पूरे वातावरण को आकर्षक, गरिमामय एवं प्रेरणादायी बना दिया। उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों द्वारा इसकी विशेष सराहना की गई।

## मातृभूमि सेवा संघ ने शहीद मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा पर पुनः रंग-रोगन कराया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** रेलवे रोड पर स्थापित 1965 के युद्ध मे पाकिस्तान को धूल चटा देने वाले वीर योद्धा, महावीर चक्र से अलंकृत शहीद मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा का रंग कई स्थानों से उतर जाने से शहीद सम्मान को ठेस पहुँच रही थी। इस स्थिति को देखते हुए मातृभूमि सेवा संघ ने पहल कर शहीद मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा पर पुनः रंग-रोगन कराया। संघ के सदस्यों ने कहा कि 1965 के युद्ध में मेजर आशाराम त्यागी ने पाकिस्तान को धूल चटा दी थी और उनका बलिदान राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। संघ ने कहा कि शहीदों की प्रतिमाओं की उपेक्षा अस्वीकार्य है और उनका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## पानी की गुणवत्ता पर अलर्ट, 320 में से 30 नमूने फेल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद गाजियाबाद में भी शुद्ध पेयजल आपूर्ति और जलजनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न इलाकों से एक ही दिन में लिए गए पानी के 320 नमूनों की जांच में 30 नमूने फेल पाए गए हैं। शनिवार को इनकी आंशिक जांच रिपोर्ट जारी की गई, जबकि विस्तृत रिपोर्ट सोमवार को सामने आएगी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आर.के. गुप्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सात जनवरी को जिले के 32 स्थानों से पानी के 320 नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए थे। इन नमूनों में नगर निगम द्वारा आपूर्ति किए जा रहे पेयजल के साथ-साथ समर्सिबल और अन्य जलस्रोतों का पानी भी शामिल था। आंशिक जांच में कुछ नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि क्षेत्रवार स्थिति स्पष्ट करने वाली विस्तृत रिपोर्ट सोमवार को जारी की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह अभियान पानी की गुणवत्ता को परखने और संभावित खतरे वाले क्षेत्रों की पहचान के उद्देश्य से चलाया गया था। इसके तहत स्कूलों, आवासीय सोसायटियों, अस्पतालों, सार्वजनिक स्थलों, आरओ प्लांटों और होटलों से भी पानी के नमूने लिए गए।

## बकायेदारों के बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत अभियान चलाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर की अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत ग्राम पतला, मोदीनगर में धारा-05 की वसूली लॉन्ग अनपेड एवं नेवर पेड उपभोक्ता तथा विद्युत चोरी से सम्बन्धित प्रकरणों में बकायेदारों के बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत पंजीकरण कराने हेतु तहसील, मोदीनगर के अधीन कार्यरत अमीन, एंटी पावर थैप्ट, गाजियाबाद तथा उपखण्ड अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। इसके तहत थेफ्ट केस,लॉन्ग अनपेड एवं फउ के 67 उपभोक्ताओं की परिसर को चेक करते हुए राजस्व जमा करने हेतु तगादा किया गया ।जिसमें 27 नग विद्युत विच्छेदन, 1 के खिलाफ सीधे विद्युत चोरी धारा 135(अ) एवं 1 के खिलाफ विद्युत अनियमितता धारा 126 में प्राथमिकी दर्ज करायी गई। साथ ही थेफ्ट केस के 2 रजिस्ट्रेशन एवं लॉन्ग अनपेड के 10 रजिस्ट्रेशन किए गए।

## तनिष्का भारत गैस द्वारा निशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** तनिष्का भारत गैस मोदीनगर द्वारा उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत पात्र महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन जिसमें एक भरा हुआ सिलेंडर, दो बरनर का एक चूल्हा एक सुरक्षा होज (पाइप) व एक रेगुलेटर व कनेक्शन के पूर्ण कागज फ्री वितरित किए गए। सभी महिलाओं को गैस कनेक्शन इस्तेमाल करने की पूर्ण जानकारी गैस एजेंसी द्वारा दी गई। जिससे कि चूल्हा इस्तेमाल करते समय कोई दुर्घटना ना हो। फ्री उज्जवला गैस कनेक्शन मिलने पर महिलाएं काफी खुश दिखाई दी व मोदी जी की सबने भूरी भूरी प्रशंसा भी की। इस अवसर पर मोदीनगर नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद वैशाली , भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ पवन सिंघल , पूर्व सभासद नवीन जायसवाल व बिजेंद्र चौधरी आदि ने सभी पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित किए। एजेंसी के स्वामी मुकेश गोयल ने गैस कनेक्शन लेने हेतु सभी कागजों के बारे में जानकारी दी। पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन लेने के लिए अपने राशन कार्ड व उसमें दर्ज सभी सदस्यों के आधार कार्ड व अपनी बैंक की पासबुक लेकर एजेंसी पर जमा करनी होगी ।इस अवसर पर एजेंसी का पूर्ण स्टाफ मैनेजर कुलदीप,कंप्यूटर ऑपरेटर अमित शर्मा, अनु व राजेंद्र आदि उपस्थित रहे ।

## हिंदुत्व के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानन्द



अरविन्द भाई ओझा
कथा व्यास मोदीनगर

हिंदुत्व के पुरोधा स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी, 1803 को मकरसंक्रांति के दिन हुआ था। व प्रखर बुद्धि व नटखट स्वभाव के थे। उनका सम्पर्क दक्षिणेश्वर के काली मदिर के पुजारी रामकृष्ण परमहंस से हुआ जो बाद में स्वामी विवेकानन्द के गुरु हुए। कहते हैं कि स्वामी विवेकानन्द भी काली सीधे बात किया करते थे। जब स्वामी विवेकानन्द के पिता की मृत्यु के बाद उनके घर की आर्थिक स्थिति खराब हुई तो स्वामी विवेकानन्द अपने गुरु के कहने पर काली से धन मांगने गए परन्तु काली के सामने जाते ही वे ज्ञान, भक्ति और वैराग्य मांग बैठते थे। कहते हैं रामकृष्ण परमहंस ने अपनी सारी सिद्धियां विवेकानन्द को दे दी थी। क्योंकि वे उनमें किसी महापुरुष के लक्षण देखते थे। रामकृष्ण परमहंस की मृत्यु के बाद स्वामी विवेकानन्द माँ शारदा (गुरू पत्नी) से आशीर्वाद लेकर शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए और विश्व को हिन्दू धर्म और भारत से साक्षात्कार कराया। ये दिन उनके जीवन का स्वर्णिम दिवस था। स्वामी विवेकानन्द 39 वर्ष की अल्प आयु में ही इस दुनिया से विदा हो गए। उन्होंने अपने जीवन की हमें बताया कि कोई व्यक्ति कितने वर्ष जिया यह महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि उसने अपना जीवन कैसे जिया वही उसके पैदा होने की सार्थकता है। स्वामी जी कम समय में ही समाज को एक दिशा दे गए जो आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायी है।

**धर्म और अध्यात्म भारत का मूल है**

भारत का बड़ा कालखण्ड विदेशी आक्रांताओं से सँघर्ष में बीता जिस कारण हम आध्यात्मिक शोध नहीं कर सके इसके परिणामस्वरूप आक्रांताओं ने विश्व में हमारी पहचान अज्ञानी, रूढ़िवादी, छुआछूत, जंगली, गरीब असहाय, पत्थर पूजने वाला दास देश के रूप में कराई। ऐसे कठिन समय पर भी हमारे देश में कुरीतियों में रूढियों को दूर करने के लिए समाज के पथ प्रदर्शक के नाते अनेक संत, महात्मा, महापुरूष पैदा हुए. जिन्होंने अपनी आध्यात्मिक और बौद्धिक प्रखरता के आधार पर पूरे विश्व को एक परिवार के नाते विचार कर अपनी पौराणिक मान्यता 'वासुदेव कुटुम्बकम् व सर्वे भवन्तु सुखिना' की अलख जगाई और भारत की श्रेष्ठता को सिद्ध किया। 1883 को शिकागो में स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में उपस्थित होकर अपने भाषण से पूरे विश्व में भारत की गौरवशाली छवि को प्रस्तुत किया। शिकागो में दिया स्वामी जी का भाषण दुनिया के इतिहास में हिंदुत्व की पुनर्प्रतिष्ठा के रूप में स्थापित हुआ धर्म सम्मेलन में स्वामी जी ने भारत के दर्शन, मान्यताएं व सरकृति को विश्व के सामने रखा। उन्होनें अनुभव कराया कि हिन्दू धर्म व संस्कृति सभी धर्मों (मत पंथों) की माता है। जब हम धर्म की बात करते हैं तो उसका अर्थ सम्प्रदाय से नहीं होता क्योंकि हम धर्म का अंग्रेजी रूपांतरण (फीढ्ढद्गल्ल) से करते है जबकि (फीढ्ढद्गल्ल) का सम्बंध सम्प्रदाय से पंथ से हैं। धर्म कोई पूजा पद्धति नहीं है बल्कि जो धारण करने योग्य हो और सबके हित का चिंतन कर सुख देता हो वह धर्म है। इसलिए हिंदुत्व न केवल मनुष्य की बल्कि प्राणी मात्र के सुख की बात करता है। स्वामी जी जैसे ही अपने भाषण के लिए खड़े हुए और कहा ३मेरे अमेरिकावासी बहनों और भाईयों इतना कहते ही तालियों की गडगडाहट रोके ना रूकी और लगातार बजती रही। हम भारतवासियों के लिए यह एक साधारण सी बात थी। अमेरिका के लिए अद्?भुत थी। उसका एकमात्र कारण था कि भारत की मान्यता है कि सारी दृष्टि ईश्वर की है और प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर का अंग है। इस नाते से प्रत्येक व्यक्ति हमारे भाई-बहन है और उन्होंने घोषणा की, कि 'मुझे एक ऐसे देश का व्यक्ति होने पर अभिमान है जिसने पृथ्वी के समस्त धर्मों और देशों के उत्पीड़ितों और शरणार्थियों को आश्रय दिया। हिंदुत्व की इस विशालता, सहिष्णुता व उदारता का विश्व ने दर्शन किया। अमेरिका के समाचार पत्रों ने लिखा ३ऐसे ज्ञान समृद्ध देश में धर्म प्रचारक भेजना मूर्खता की बात है

**हमारी शिक्षा कैसी हो**

स्वामी विवेकानन्द का मानना था कि व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र का पुनरूत्थान हो सकता है। हमें विद्यार्थियों को एक जागरूक नागरिक बनाने कर प्रयास करना होगा। जिससे अच्छे मनुष्यों का निर्माण हो और इस निर्माण का एक मार्ग शिक्षा ही है। उनका मानना था शिक्षा सकारात्मक व चरित्र निर्माण करने वाली हो युवाओं को लोकिक व धार्मिक ज्ञान का प्रशिक्षण साथ-साथ दिए जाने की आवश्यकता है। स्वामी विवेकानन्द चाहते थे कि जनता को उनकी बोलचाल की मातृ भाषा में शिक्षा दो इससे उसकी जानकारी बढ़ेगी, परन्तु इससे आगे बढ़कर उसे संस्कारित बनाने का प्रयास भी किया जाना आवश्यक है। 'शिक्षा मस्तिष्क को सूचना उपलब्ध कराने की श्रोत मात्र नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र निर्माण और सुविचारों की संवाहक बनने में भी सहायक बने। शिक्षा केवल जीवीकोपार्जन न होकर हमारे जीवन में परिवर्तन लाने व मानव बनाने में मदद करे। स्वामी जी ने कहा कि हम भारत के लोगों में अन्न दान की इतनी वृत्ति है कि संसार में कोई जाति इतना अन्न दान नहीं करती। भारत का व्यक्ति कहता है। 'साई इतना दीजिए जा में कुटुम्ब समाय में भी भूखा न रहूं, साधु न भूखा जाए३ जैसी हमारी मान्यताएं रही है। इस प्रकार के अन्नदान का दृश्य केवल भारत में ही दिखाई देता है और कहीं दिखाई नहीं देता। आजका व्यक्ति दूसरे को शिक्षा तो देना चाहता है परन्तु अपेक्षा रखता है कि उसे उसके बदले में कुछ मिल जाए। हमें भारत के उत्थान के लिए अन्न और वस्त्र दान के साथ विद्या दान के लिए आगे आना चाहिए।

**पश्चिम का अन्धानुकरण मत करो**

भारत और पश्चिम में सबसे बड़ा अन्तर यह है कि हमारे देश में बड़े-2 राजा भी अपनी वंश परम्परा किसी ऋषि से जोहते है और उसी के आधार पर अपना गोत्र बताते हैं और श्रेष्ठ, विद्वान, सात्विक, उच्च चरित्र वाले व्यक्ति हमारे आदर्श होते हैं, जबकि पश्चिम में जब तक किसी राजपरिवार, अत्याचारी, प्रभावशाली, लुटेरे के वंश से अपने को नहीं जोड़ लेते तब तक उसे चैन नहीं पड़ता। एकबार किसी ने स्वामी जी के कपड़ों पर टिप्पणी की तो स्वामीजी जी ने उसका जबाव देते हुए कहा था कि तुम्हारे यहां टेलर व्यक्ति को जैन्टलमैन बनाता है, पर हमारे यहां ज्ञान से व्यक्ति (जेंटलमैन) श्रेष्ठ कहलाता है।

पश्चिम का सबकुछ सही है और हमारा सब कुछ गलत है. इस प्रकार की आत्मग्लानि को छोड़ना चाहिए। 'विदेश में जो श्रेष्ठ है उसे ग्रहण करो, लेकिन पहले अपने को पहचानों अपने पर विश्वास रखो अपना जो श्रेष्ठ है उस पर गर्व करो। तब दूसरों से ग्रहण करने में कोई आपत्ति नहीं है।

पश्चिम की संस्कृति प्रतिस्पर्धा पर टिकी है। प्रतिस्पर्धा एक सीमा के बाद ईर्ष्या को जन्म देती है और ईर्ष्या के कारण हम अपने प्रतिस्पर्धी को समाप्त करने का विचार करने लगते है जो गलत है। आज अमेरिका विश्व में जिस प्रकार का व्यवहार कर रहा है समझ सकते हैं।

# सीडीओ अभिनव गोपाल ने किया स्थलीय निरीक्षण

## स्वच्छता और सौंदर्यीकरण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने शनिवार को ग्राम पंचायत डासना देहात से नगर पंचायत डासना होते हुए मसूरी को जोडे वाले प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सड़क, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), तहसीलदार सदर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना प्रबंधक, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डासना, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), संबंधित हल्का लेखपाल एवं ग्राम पंचायत सचिव मौके पर मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर को निर्देश दिए कि एनएचएआई की भूमि की शीघ्र पैमाइश कर स्थिति स्पष्ट की जाए, जिससे विकास कार्यों में कोई बाधा न आए। नगर पंचायत डासना के अधिशासी अधिकारी को सड़क किनारे स्थित खाली भूमि की तत्काल सफाई कराकर उसके समुचित सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए गए। निजी आईटीआई के समीप स्थित मुख्य सड़क पर यातायात सुगमता एवं सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए सड़क के एक ओर नगर पंचायत डासना तथा दूसरी ओर एनएचएआई द्वारा इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही नगर पंचायत डासना, जल निगम एवं एनएचएआई को आपसी समन्वय स्थापित कर सड़क के नीचे क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराते हुए सड़क को शीघ्र दुरुस्त कराने को कहा गया। मसूरी ग्राम पंचायत क्षेत्र के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने सिंचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में जमा कूड़े का निस्तारण कराते हुए सौंदर्यीकरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने होटल, ठेले एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से निर्धारित यूजर चार्ज की वसूली सुनिश्चित करने तथा डस्टबिनों से समयबद्ध कूड़ा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था लागू करने पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त डासना देहात स्थित आरआरसी सेंटर के समीप नगर पंचायत से संबंधित कूड़े के पृथक निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा गया कि इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत को नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता, यातायात सुगमता एवं सौंदर्यीकरण से आमजन को सीधा लाभ मिलना चाहिए और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# कौशांबी में नए मतदाताओं को जोड़ने की मुहिम को मिला जनसमर्थनर, 122 नागरिकों ने भरवाए मतदाता पंजीकरण फॉर्म

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत कौशांबी स्थित पंचमणि टावर एवं कौशांबी पार्क ए एवं बी ब्लॉक प्लॉट एरिया में शनिवार को नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का नेतृत्व क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने किया, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी की। पंचमणि टावर परिसर में आयोजित शिविर में करवा संगठन के महासचिव विनय महेश्वरी, जो कि भाजपा कौशांबी के बूथ अध्यक्ष भी हैं, ने प्रमुख भूमिका निभाई। वहीं कौशांबी पार्क स्थित प्लॉट एरिया में लगाए गए शिविर की जिम्मेदारी भाजपा बूथ अध्यक्ष एस.के. गोयल ने संभाली। दोनों स्थानों पर मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराई गई। इस अवसर पर कौशांबी करवा संगठन के अध्यक्ष अजीत सिंह, समाजसेवी कमल ओबेरॉय, मंडल मंत्री कामिनी भदोरिया सहित मनीष जैन, वेदांता, शिशिर, परितोष, अभिजीत, आनंद शर्मा, राकेश कुमार, भूपेंद्र, संतोष शर्मा, पी.बी. राय, ऋतु जैन, प्रीति महेश्वरी, शगुन, नीतू, चारू जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविरों के दौरान नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नामांकन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई और आवश्यक प्रपत्र भरवाए गए। दिन भर चले इस अभियान में लगभग 122 लोगों ने अपने मतदाता पंजीकरण फॉर्म भरकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित की।

## 16 वर्षीय किशोर रहस्यमय ढंग से लापता

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के मनोकामना अपार्टमेंट में रहने वाला 16 वर्षीय किशोर रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गया। वह सात जनवरी की शाम करीब छह बजे घर से खेलने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा हर संभव स्थान पर तलाश किए जाने के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो पुलिस से शिकायत की गई।

पीड़ित परिजनों के अनुसार, किशोर के घर न लौटने पर आसपास के इलाकों, दोस्तों और रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी ली गई, लेकिन कहीं से कोई सूचना नहीं मिल सकी। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने इंदिरापुरम थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# नशे में धुत एएसआई की कार ने मचाया कहर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निवाड़ी रोड पर स्थित फायर स्टेशन के पास शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कथित रूप से नशे में धुत एक एएसआई ने कार से एक लड़की समेत लगभग आधा दर्जन राहगीरों को टक्कर मार दी। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि राह चलते लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद एएसआई और उसका एक साथी मौके से फरार होने का प्रयास करने लगे, लेकिन अत्यधिक नशे की हालत में एएसआई संतुलन खो बैठा और वहीं गिर पड़ा। बताया गया कि वह इतनी शराब के नशे में था कि ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था, जबकि उसका साथी मौके से भागने में सफल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मोदीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में नशे की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पूरे मामले की पुष्टि जांच के बाद ही की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते वाहन नहीं रुकता, तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक तनाव और भीड़ की स्थिति बनी रही।

# चंद्रशेखर आजाद को गाजियाबाद में रोका, एनएच-9 और डीएमई पर लगा जाम



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली से मेरठ जा रहे नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार को एनएच-9 पर रोक लिया। पुलिस कार्रवाई के चलते दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दिल्ली की ओर जाने वाली लेन वेदांता फार्म हाउस के सामने बंद कर दी गई, जिससे एनएच-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया। डीएमई और एनएच-9 का अधिकांश यातायात हापुड़ की ओर मोड़ दिया गया, जिससे वाहनों की कतार कई किलोमीटर तक फैल गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मेरठ में काशी टोल प्लाजा पर दिल्ली से आने वाले वाहनों को रोक दिया गया है, इसी कारण गाजियाबाद से ही वाहनों को मेरठ की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसी क्रम में चंद्रशेखर आजाद को भी आगे बढे से रोक दिया गया। वे मेरठ में दलित महिला की हत्या और उसकी बेटी के कथित अपहरण के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। इससे पहले यूपी गेट पर चंद्रशेखर आजाद और पुलिस के बीच नोकझोंक की स्थिति भी बनी। हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। डीसीपी ग्रामीण और डीसीपी ट्रांस हिंडन समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भोजपुर के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। प्रत्येक वाहन की सघन जांच की जा रही है। यातायात प्रतिबंधों के चलते वाहनों की कतार कलछीना क्षेत्र को भी पार कर गई, जिससे सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। दिल्ली से उत्तर प्रदेश की ओर आने वाले मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। घंटों चले जाम के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा रहा।

# 100 चयनित छात्र-छात्राओं ने औपचारिक रूप से उद्यमिता की राह पर रखा कदम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने वाला एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया, जब जिले के 100 चयनित छात्र-छात्राओं ने औपचारिक रूप से उद्यमिता की राह पर कदम रखा। इस पहल के साथ ये युवा अब नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि आने वाले समय में रोजगार सृजन करने वाले उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए देश के 'विकसित भारतज के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करना है। प्रबंधन संघ द्वारा प्रारंभ किए गए 'गाजियाबाद उद्यमिता मिशन' का शनिवार को भव्य उद्घाटन समारोह राम चमेली चढ़ा विश्वास कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम न केवल गाजियाबाद, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर प्रेरित करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव रखने वाला एक दूरदर्शी प्रयास है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह अपनी तरह का पहला संगठित जिला-स्तरीय अभियान है, जो युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में कांग्रेस का 'मनरेगा बचाओ संग्राम, राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा


वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना का नाम बदलकर 'जी राम जी योजनाज किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड ? का ऐलान किया है। इसी क्रम में कांग्रेस ने 'मनरेगा बचाओ संग्रामज्के नाम से देशभर में अभियान शुरू किया है। शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार के इस निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रेसवार्ता में सतीश शर्मा ने कहा कि वर्ष 2005 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा मनरेगा योजना की शुरूआत की गई थी, जिसने ग्रामीण आजीविका सुरक्षा की रीढ़ के रूप में कार्य किया। यह योजना प्रतिवर्ष पांच से छह करोड़ ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराती रही है और विशेष रूप से महिलाओं, दलितों, आदिवासियों एवं वंचित समुदायों के लिए आर्थिक संबल बनी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया नया 'वीबीजी रामजी अधिनियमज इस संपूर्ण ढांचे से एक मौलिक विचलन है और इससे रोजगार की वैधानिक गारंटी समाप्त हो जाती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस बदलाव से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घटेंगे, मजदूरों का शोषण बढ़ेगा और एक नया ग्रामीण संकट खड़ा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना श्रम की गरिमा और ग्राम स्वराज जैसे उन मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास है, जिन पर मनरेगा की नींव रखी गई थी। कांग्रेस इसे केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि गरीब और मजदूर वर्ग के अधिकारों पर सीधा प्रहार मानती है। उन्होंने बताया कि मनरेगा को बचाने के लिए कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। इसी क्रम में गाजियाबाद कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता के माध्यम से अभियान की शुरूआत की गई है। आंदोलन के तहत 11 जनवरी को एकदिवसीय उपवास और प्रतीकात्मक विरोध किया जाएगा।

# विजयनगर में देर रात अनियंत्रित सोनेट कार जर्सी बैरियर से टकराकर पलटी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विजयनगर क्षेत्र में जल निगम कार्यालय के पास सोमवार देर रात एक अनियंत्रित किया सोनेट कार जर्सी बैरियर से टकराकर पलट गई। प्रारंभिक तौर पर हादसे में दो लोगों के घायल होने और किसी अन्य वाहन से टक्कर की सूचना सामने आई थी, लेकिन पुलिस ने इन दावों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि दुर्घटना में किसी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है और न ही किसी अन्य वाहन से टक्कर हुई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा रात करीब तीन बजे उस समय हुआ, जब कार दिल्ली की ओर से विजयनगर की तरफ सर्विस लेन से गुजर रही थी। सिद्धार्थ विहार के पास जर्सी बैरियर से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सड़क पर पलट गई। हालांकि कार सवार को केवल मामूली चोट आई, जिसके बाद वह स्वयं प्राथमिक उपचार के लिए चला गया। हादसे में शामिल कार पर 'जजज लिखा हुआ पाया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कार वाराणसी में तैनात एक न्यायिक अधिकारी के पुत्र द्वारा चलाई जा रही थी। वाहन का पंजीकरण सत्य नंद उपाध्याय के नाम पर है और इसका पता राजनगर एक्सटेंशन स्थित ऑफिसर सिटी दशार्या गया है।

# फ्लू और इन्फ्लूएंजा के हर मरीज की अब अनिवार्य रिपोर्टिंग


वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** अब जिले में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और फ्लू (आईएलआई) के लक्षण वाले प्रत्येक मरीज की रिपोर्टिंग यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस प्लेटफार्म (यूडीएसपी) पोर्टल पर अनिवार्य होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन ने इस संबंध में जिले के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के साथ-साथ पैथालॉजी लैब को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं। आदेश के तहत ऐसे मरीजों की जांच और रिपोर्ट का पूरा विवरण पोर्टल पर दर्ज करना होगा। सीएमओ के निदेर्शानुसार रिपोर्टिंग में मरीज का नाम, जांच करने वाले चिकित्सक का विवरण, आवासीय पता, आभा आईडी, मोबाइल नंबर और उम्र सहित सभी आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। उन्होंने आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सर्दी के मौसम में फेफड़ों के संक्रमण और फ्लू के मरीजों की संख्या ओपीडी में सबसे अधिक रहती है, लेकिन अब तक इन मामलों का कोई समुचित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हो पाता था। जिले के एमएमजी अस्पताल, संयुक्त अस्पताल, 50 बेडेड संयुक्त अस्पताल डूंडाहेड़ा और लोनी के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोनी, डासना, मुरादनगर, मोदीनगर, बम्हैटा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में संचालित पैथालॉजी लैब में प्रतिदिन होने वाली जांच का विवरण भी यूडीएसपी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएगा। अब तक इस पोर्टल पर केवल कोरोना, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टीबी और स्क्रब टाइफस की जांच रिपोर्ट ही अपलोड की जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग को यह भी जानकारी मिली है कि निजी अस्पताल और पैथालॉजी लैब अब तक सीमित मामलों की ही रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज कर रहे थे।

# जींस फैक्टरी में भीषण आग, दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर ए-एक में स्थित जींस फैक्टरी 'सोनम कलेक्शनज में शनिवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसा सुबह करीब 7:57 बजे उस समय हुआ, जब फैक्टरी में जनरेटर चालू किए जाने के कुछ ही मिनटों बाद विद्युत बोर्ड में शॉर्ट-सर्किट हो गया और आग धधक उठी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि श्याम शर्मा द्वारा संचालित इस फैक्टरी में जैसे ही जनरेटर शुरू किया गया, उसी दौरान शॉर्ट-सर्किट से चिंगारियां निकलने लगीं और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही फैक्टरी में काम कर रहे श्रमिक जान बचाकर बाहर निकल आए और तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग फैक्टरी के भूतल में बने अस्थायी टीन शेड तक फैल चुकी थी। शेड के नीचे रखा तैयार माल और कच्चा माल आग की चपेट में आ गया, जिससे फैक्टरी परिसर में घना धुआं फैल गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए साहिबाबाद फायर स्टेशन से अतिरिक्त फायर टेंडर मंगाए गए। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब 10 बजे आग पर नियंत्रण पा लिया, जबकि पूरी तरह से आग बुझाने में लगभग दो घंटे का समय लगा। अधिकारियों के अनुसार समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि आग से हुए आर्थिक नुकसान का आकलन किया जा रहा

# रोडवेज बसों में बिना टिकट यात्रा बनी बड़ी समस्या, 90 लाख से ज्यादा का जुमार्ना वसूला गया

वेलकम इंडिया



**साहिबाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की रोडवेज बसों में बिना टिकट यात्रा की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। गाजियाबाद क्षेत्र में पिछले सात वर्षों के दौरान करीब 20 हजार से अधिक यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए हैं। यह स्थिति जहां यात्रियों की लापरवाही को दशार्ती है, वहीं कुछ मामलों में कंडक्टरों की मिलीभगत भी सामने आई है। नियमों के अनुसार कंडक्टर की जिम्मेदारी होती है कि प्रत्येक यात्री को उसकी सीट पर टिकट उपलब्ध कराए, लेकिन कम किराया लेकर टिकट न देने की शिकायतें समय-समय पर जांच के दौरान पकड़ी जाती रही हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 से 2025 के बीच गाजियाबाद क्षेत्र की रोडवेज बसों में 20,023 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए, जिनसे लगभग 90 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। वर्ष 2020 में यह आंकड़ा सबसे अधिक रहा, जब 3,543 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। इनमें कौशांबी, साहिबाबाद, गाजियाबाद, लोनी, हापुड़, बुलंदशहर, सिकंदराबाद और खुर्जा डिपो की बसें शामिल रहीं। नियमों के तहत बिना टिकट पकड़े जाने पर यात्री से किराए के अतिरिक्त 500 रुपये या कुल किराए का दस गुना तक जुमार्ना वसूला जाता है। वर्षवार आंकड़ों पर नजर डालें तो 2019 में 2,878, 2020 में 3,543, 2021 में 1,899, 2022 में 2,785, 2023 में 2,682, 2024 में 3,212 और वर्ष 2025 में 3,024 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए। इसी अवधि में हजारों रोडवेज बसों की सघन जांच की गई। वर्ष 2019 में 67,144 बसों की जांच हुई, जबकि 2025 में यह संख्या 52,320 रही। बिना टिकट यात्रा के मामलों में केवल यात्री ही नहीं, बल्कि कंडक्टर भी कार्रवाई के दायरे में आते हैं। प्रत्येक बिना टिकट यात्री के लिए कंडक्टर पर भी 500 रुपये का जुमार्ना लगाया जाता है। यदि किसी बस में पांच या उससे अधिक यात्री बिना टिकट पाए जाते हैं, तो रेगुलर कंडक्टर को निलंबित कर दिया जाता है, जबकि संविदा कंडक्टरों का अनुबंध समाप्त कर दिया जाता है। इस वर्ष ही ऐसे मामलों में दस से अधिक कंडक्टरों का कॉन्ट्रैक्ट खत्म किया जा चुका है। सामान से संबंधित नियम भी सख्त हैं। यदि सामान का मालिक बस में मौजूद है, तो टिकट के बराबर जुमार्ना लगाया जाता है, लेकिन यदि मालिक मौजूद नहीं होता, तो चालक और कंडक्टर दोनों पर दोगुना जुमार्ना वसूला जाता है। इसके अलावा यदि सामान में तीन से अधिक किताबें पाई जाती हैं, तो संविदा कंडक्टर का अनुबंध समाप्त करने का प्रावधान है। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआरटीसी केसरी नंदन चौधरी ने बताया कि रोडवेज बसों की नियमित जांच की जाती है और बिना टिकट यात्रा करने वालों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले कंडक्टरों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है।